भाद्रपद शुक्ल पक्ष-6, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 98 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

21 सितंबर 2023 गुरुवार

आज का मौसम

31 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## बाजू में बिल्ला सिर पर अटैची कुलियों के बीच राहुल गांधी



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारत जोड़ो यात्रा के बाद से कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस वक्त आम लोगों से जुड़ने के लिए हर कोशिश में लगे हुए हैं। आज राहुल कुलियों से मिलने और उनकी समस्याओं को सुनने के लिए नई दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। यहां राहुल गांधी ने कुली की ड्रेस भी पहनी और सामान भी उठाया। राहुल का ये लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। कुछ दिन पहले वे आजादपुर सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं से मिलने भी पहुंच गए थे। कांग्रेस ने राहुल की कुलियों के साथ फोटो ट्वीट करके लिखा कि 'राहुल गांधी आज दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुली साथियों से मिले। पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें रेलवे स्टेशन के कुली साथियों ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी। आज राहुल उनके बीच पहुंचे और इत्मीनान से उनकी बात सुनी। भारत जोड़ो यात्रा जारी है।'

## 14 साल के बच्चे को स्कूल में हार्ट अटैक?

**लखनऊ एजेंसी।** उप्र की राजधानी में सिटी मांटेसरी स्कूल अलीगंज में कक्षा नौ के छात्र आतिफ सिद्दीकी ( 14 ) की



संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर मौत मामले में कई तरह की चर्चा हैं। पुलिस का कहना है कि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम के बाद छात्र का हृदय व विसरा जांच के लिए भेजा गया है। छात्र के पेट पर काला निशान भी मिला है। सीएमएस के प्रवक्ता ऋषि खन्ना का कहना है कि आतिफ केमिस्ट्री की क्लास के दौरान अचानक बेहोश हो गया। स्कूल के टीचर व नर्स कार से उसे पास के आरुशी मेडिकल सेंटर ले गए। वहां डॉक्टर ने बच्चे को सीपीआर दिया, लेकिन होश नहीं आया। तब डॉक्टर ने हार्ट अटैक की आशंका जताते हुए उसे लारी कार्डियोलॉजी रेफर किया। ऑक्सीजन सपोर्ट पर एंबुलेंस से लारी कार्डियोलॉजी ले जाया गया। मगर मौत हो चुकी थी।

## ओंकारेश्वर में आदि गुरू शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

# ओंकार पर्वत पर अद्वैत लोक की आधारशिला, संतों संग शिवराज ने की परिक्रमा







**ओंकारेश्वर दोपहर मेट्रो/एजेंसी।**

आज ओंकार पर्वत पर स्थापित आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण पारंपरिक विधि विधान से हुआ। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओंकारेश्वर में स्वामी अवधेशानंद गिरी और दूसरे संतों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इसका अनावरण किया। संत और सीएम अस्थायी एलिवेटर से 75 फीट ऊपर पहुंचे तथा पूजा के बाद प्रतिमा की परिक्रमा की। प्रतिमा स्थल के करीब ब्रह्मोत्सव में 5 हजार साधु-संत जुटे। शिवराज ने कहा आज आदि गुरू फिर पधार गए हैं। यहां अद्वैत लोक के लिए भूमि पूजन भी हुआ। यह लोक 2026 तक बनकर तैयार होगा। ओंकार पर्वत पर 108 फीट ऊंची यह प्रतिमा एकात्मकता का प्रतीक है। इसे 'स्टैच्यू ऑफ वननेस' का नाम दिया गया है। यह प्रतिमा 12 साल के आचार्य शंकर की झलक है। इसी उम्र में वे ओंकारेश्वर से वेदांत के प्रचार के लिए निकले थे। आदिगुरु शंकराचार्य का जन्म केरल में हुआ था।उनकी प्रतिमा 100 टन वजनी है और 75 फीट ऊंचे प्लेटफॉर्म पर स्थापित है। इसे 88त्न कॉपर, 4त्न जिंक और 8त्न टिन को मिलाकर बनाया गया है। इसके 290 पैनल निर्माण कंपनी एलएंडटी ने जेटीक्यू चाइना से तैयार कराए हैं। सभी 290 हिस्सों को ओंकारेश्वर में लाकर जोड़ा गया है।

### अद्वैत लोक 11 हैक्टेयर में

ओंकार पर्वत की 11.5 हेक्टेयर जमीन पर अद्वैत लोक आकार ले रहा है। इसी के मध्य में आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां अद्वैत लोक (शंकर संग्रहालय) और आचार्य शंकर अंतरराष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान की स्थापना भी की जा रही है।

**श्रृंगेरी मठ से आई 112 फीट की रुद्राक्ष मालाः** बताया जाता है कि श्रृंगेरी शारदा पीठ से आदिगुरु शंकराचार्य के लिए 112 फीट की माला लाई गई जो 10 हजार रुद्राक्ष से बनी है। सभी पांच मुखी रुद्राक्ष हैं। इस मौके पर शिवराज ने कहा 'आज आधिगुरु फिर पधार गए हैं। उनके चरणों में प्रणाम। उपयुक्त अवसर पर यह माला आदिगुरु को पहनाई जाएगी। अभी सुरक्षित रखते हैं।' मठ की ओर से पादुका भी आएगी। शृंगेरी शारदा पीठ कर्नाटक में चिकमगलूर जिले के श्रृंगेरी में है।

## पीएम ने सदन में शुक्रिया अदा किया खड़गे बोले काल करे सो आज कर..

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद आज लोकसभा की कार्रवाई जैसे ही शुरू हुई तो सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोलने के लिए खड़े हुए। पीएम ने धन्यवाद देते हुए सभी दलों के नेताओं का आभार जताया व कहा कि कल भारत की संसदीय यात्रा का एक स्वर्णिम पल था और उस पल के हकदार इस सदन के सभी दल के सदस्य हैं। वह नेता भी जो चाहे सदन में हों या सदन के बाहर हों, वे भी उतने ही हकदार हैं। ज्ञात हो कि लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में 454 वोट पड़े थे जबकि दो सांसदों ने इसके विरोध में मतदान किया। इस कानून को लागू करने के लिए लोकसभा के बाद राज्यसभा को दो-तिहाई बहुमत से पारित करना होगा। इसके बाद जनगणना की जाएगी फिर परिसीमन की कवायद की जाएगी।



इधर राज्यसभा में आज इस आरक्षण बिल पर राज्यसभा में भाजपा के जेपी नड्डा ने कहा आजाद भारत में 12 महिलाएं 12 मुख्यमंत्री बन चुकी हैं। कई देशों में महिलाओं ने वोटिंग राइट्स के लिए लंबा संघर्ष किया है मगर हमारे यहां पहले आम चुनाव में ये महिलाओं को ये अधिकार मिला। हमारे देश को कई दूसरे देशों के मुकाबले पहले महिला पीएम मिली। वहीं हस्तक्षेप करते हुए नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जब पंचायत में रिजर्वेशन तत्काल लागू होता है तो यह महिला आरक्षण तत्काल क्यों नहीं। खरगे ने कबीर का दोहा सुनाया- 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब । पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब'।

## कनाडा में छिपे भारतीय गैंगस्टर सुक्खा की हत्या

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

खालिस्तान समर्थक आतंकवादियों के प्रति नरम रुख के मामले में भारत की नाराजगी के शिकार कनाडा में आज फिर बड़ा घटनाक्रम हुआ और पीनीपेग सिटी में भारत से फरार एक और गैंगस्टर की हत्या हो गई। जानकारी के मुताबिक पंजाब से फरार होकर कनाडा में बैठे इस ए कैटगरी के भारत में मोस्ट वांटेड गैंगस्टर सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा दुनुके को गोली मारी गई है। आरोपी सुक्खा खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला का राइट हैंड था और एनआईए की वॉटेंड लिस्ट में शामिल था। सुक्खा कनाडा में बैठकर भारत में अपने गुर्गों के जरिए रंगदारी या उगाही का काम भी करता था। बताते हैं कि सुक्खा दुनेके ने कनाडा भागने के लिए 2017 में जाली दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट और पुलिस क्लीयरेंस प्रमाणपत्र प्राप्त किया, जबकि उसके खिलाफ सात आपराधिक मामले दर्ज थे। पुलिस से मिलीभगत करके उसने कनाडा का वीजा हासिल कर लिया था। पंजाब पुलिस के 2 कर्मियों पर उसकी मदद करने का आरोप लगा था।



**गोल्डी बराड़ के खिलाफ भी एक्शन :** उधर कनाडा और यूके से ऑपरेट कर रहे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के करीबी गैंगस्टरों को पकड़ने के लिए आज पंजाब पुलिस कई जिलों में छापेमारी कर रही है। सुबह से ऑपरेशन चलाया जा रहा है। दरअसल गोल्डी पंजाबी सिंगर सिद्धू मुसावला हत्याकांड का मास्टरमाइंड है। भारत से फरार होकर गोल्डी बराड़ पहले कनाडा और फिर अमेरिका में पनाह लेकर बैठा है। एनआईए ने गोल्डी के खिलाफ यूएपीए के तहत केस दर्ज किया हुआ है। उसके करीबी गैंगस्टरों को पकड़ने के लिए पंजाब पुलिस का ऑपरेशन दोपहर बाद तक चलेगा।

## भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सर्विस रोकी

**ओटावा, एजेंसी।**

भारत ने कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं। दरअसल, खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी को देखते हुए कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लीकेशन सेंटर ने ये घोषणा की है। इससे पहले कनाडा ने मंगलवार को अपने नागरिकों को भारत के कुछ खास हिस्सों में न जाने के लिए एडवाइजरी जारी की थी। बुधवार को भारत ने भी इसी तरह की एडवाइजरी जारी कर दी। इसके बाद देर रात कनाडा ने भारत की एडवाइजरी को खारिज कर दिया। कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर डोमिनिक लेब्नेक ने ओटावा में मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका देश पूरी तरह से सुरक्षित है।

## मेट्रो एंकर

### राजस्थान में अभिनेत्री परिणिति संग 24 को *आम आदमी सांसद की रॉयल वेडिंग*

# नाव पर बारात लेकर जाएंगे सांसद राघव

**नई दिल्ली/ जयपुर, एजेंसी।**

भारतीय संसद में सबसे युवा सांसद राघव चड्ढा और अभिनेत्री परिणिती तीन दिन बाद राजस्थान में शादी कर रहे हैं। शादी की रस्में कल से शुरू हो रही हैं, मगर यह शादी बेहद हाइप्रोफाइल हो गई है। इसकी तैयारियों की खास चर्चा है और इसमें शामिल होने वाले वीवीआईपी मेहमानों की लिस्ट काफी लंबी है। राजनीति और फिल्म जगत के लोग इसमें शामिल होने पहुंच रहे हैं। यह विवाह राजस्थान के उदयपुर में होगा। 24 सितंबर को होने वाले इस विवाह समारोह की तैयारी जोर शोर से शुरू हो चुकी है। परिणीति और राघव की जिंदगी का ये बेहद खास और बड़ा दिन है। कपल इसकी तैयारी में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहता। शादी भले ही 24 सितंबर को है लेकिन प्री-वेडिंग फंक्शन्स कल शुरू हो जाएंगे। हर एक रस्म के लिए एक्ट्रेस ने अलग आउटफिट के लिए अपने दोस्त और स्टार डिजाइनर मनीष मल्होत्रा को चुना है।



*होटल लीला पैलेस उदपपुर जहां परीणिति व राघव की शादी होगी।*



### नाव पर बारात निकलेगी

*राघव और परिणीति दोनों ही अपनी शादी को रॉयल टच देना चाहते हैं। वो चाहते हैं कि जो भी गेस्ट आए वो पूरी तरह से सभी फंक्शन्स को एंजॉय करे और सभी रस्मों में शामिल हो। म्यूजिक से लेकर डेकोरेशन तक सभी कुछ एकदम सटीक तरह से फिट किया जा रहा है। परिणीति और राघव अपने-अपने परिवार के साथ 22 सितंबर को उदयपुर पहुंच रहे हैं। हल्दी-मेहंदी के रस्मों के बाद 24 सितंबर को राघव की सेहरा बंधी होगी और वो नाव में सवार बारात लेकर परिणीति से शादी करने जाएंगे।*

### वीवीआईपी के चलते सख्त सुरक्षा

बताया जाता है कि इस वीआईपी शादी को लेकर जिला प्रशासन व होटल मैनेजमेंट भी अलर्ट पर है। शादी के लिए विशेष तौर पर सुरक्षा की व्यवस्था की गई है. 2 दिनों के दौरान कर्मचारियों को किसी भी सूरत में होटल में अंदर स्मार्टफोन ले जाने की पाबंदी रखी गई है। 50 से ज्यादा लग्जरी गाड़ियों समेत 120 से ज्यादा लग्जरी टैक्सियों को बुक किया गया है. शादी से जुड़े ज्यादातर मेहमान 23 सितंबर को ही उदयपुर पहुंचेंगे। शादी में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल,पंजाब सीएम भगवंत मान समेत मेघालय के सीएम समेत कांग्रेस,आप व अन्य दलों के कई सांसद व विधायक मौजूद होंगे। वहीं फिल्म इंडस्ट्री से भी कई अभिनेता व अभिनेत्रियों की मौजूदगी रहेगी, परीणिति की बहन प्रियंका चोपड़ा भी यहां मौजूद रहेंगी।

## कूड़े में फेंकी पेंटिंग डेढ़ करोड़ में बिकी!

**नई दिल्ली एजेंसी।** अक्सर होता है कि लोगों के पास मौजूद कीमत से वे बेखबर होते हैं। जबकि यह बेशकीमती चीज होती है। हाल में न्यू हैम्पशायर की एक महिला के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। उसने घर में बेकार पड़ी एक पुरानी पेंटिंग की



फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर दी तो उसे पेंटिंग के बारे में जो मालूम हुआ वह हैरान करने वाला रहा। वह जिस पेंटिंग को वह मामूली समझ रही थी वह तो दरअसल करोड़ों की है। अब न्यू हैम्पशायर थ्रिफ्ट स्टोर से केवल 4 डॉलर (332 रुपये) में खरीदी गई ये पेंटिंग 191,000 डॉलर (1.58 करोड़ रुपये ) में नीलाम हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार जाने माने आर्टिस्ट एन.सी. वायथ की लंबे समय से खोई हुई पेंटिंग थी और एक मास्टरपीस थी। रमोना नामक पेंटिंग, पेंसिल्वेनिया स्थित कलाकार द्वारा हेलेन हंट जैक्सन की 1884 की पुस्तक रमोना के 1939 संस्करण के लिए बनाई गई थी। इस पेंटिंग में एक अनाथ युवा महिला को अपनी सौतेली माँ के साथ संघर्ष में दर्शाया गया है।

# कई इलाकों में लो-वोल्टेज की समस्या गहराई

## नागरिक परेशान व भयभीत, कटौती की तकलीफ भी साथ



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी में हाल के दिनों में कई इलाकों में बिजली के कम वोल्टेज की समस्या परेशान करने लगी है। इससे लोगों के बिजली उपकरणों को नुकसान भी हो रहा है। दूसरी तरफ रोज दो दर्जन इलाकों में कई कई घंटों की घोषित व कई जगह अघोषित बिजली कटौती भी ने हालात खराब कर रखे हैं।

जानकारी के मुताबिक शहर के नये व पुराने इलाकों में लो वोल्टेज की समस्या तीन चार दिन में शुरू हुई है। नये शहर में शिवाजी नगर,तुलसी नगर से लेकर कोलार की बस्तियों व पुराने भोपाल की बस्तियों में न तो घरों में बल्ब आदि पूरी रोशनी दे पा रहे हैं और न ही पानी को मोटरें या गीजर आदि चल पा रहे हैं। कुछ लोगों ने वोल्टेज कम रहने व अचानक बढ जाने से बिजली उपकरणों के खराब होने की शिकायतें की हैं। शिवाजी नगर में छह नंबर स्टाप के आसपास के इलाकों में लो वोल्टेज ने रहवासियों को बिजली उपकरणों में नुकसान के डर से भयभीत कर रखा है। खास बात यह है कि दिन में भी लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। माना जा रहा है कि झाकियों के चलते लाइनों में लोड बढा है, हालांकि बिजली कंपनी ने दावा किया था कि इस दौरान लोड को बढाया जाएगा।

दूसरी तरफ बिजली महकमा फिर से रखरखाव के नाम पर जमकर कटौती करने में भी जुटा हुआ है। रोज शहर के दो दर्जन इलाकों में छह घंटे तक की कटौती की जा रही है। हालांकि बरसात के पहले भी बिजली महकमे ने तीन महीने तक रखरखाव के नाम पर ही जमकर कटौती की थी, लेकिन बारिश के दौरान इसकी पोल भी खुल चुकी है।

### बच्चों की परवरिश के लिए परेशान पत्नी ने लगाई मदद की गुहार.....कहा-

# लिव इन रिलेशन में रह रहा पति, अपना घर छोड़ दूसरों पर लुटा रहा है पैसा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अपने पति द्वारा बेटियों की जिम्मेदारी न निभाने से परेशान एक महिला ने पत्नी ने पति को समझाने के लिए काउंसलर से मदद की गुहार लगाई है। 42 वर्षीय पत्नी का आरोप है कि पति खुद का घर छोड़कर दूसरी महिलाओं के साथ लिव इन रिलेशन में रहा है। घर में तीन बच्चे दाने-दाने को मोहताज है, लेकिन पति को इसकी सुध नहीं है। हालांकि काउंसलर द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत करने के बाद मामले में समझौता हो गया। अब पति, पत्नी और बच्चों के साथ रहने के अलावा हर माह उन्हें घर खर्च के लिए एक तय राशि भी देगा। बदले में पत्नी, पति के खिलाफ विभिन्न जगहों पर की गई शिकायतें वापस लेगी।



### पैसे की मांग की तो हो जाती है पिटाई

पत्नी का आरोप है कि ऐसे में जब भी पत्नी पैसे की मांग करती तो पति उसके साथ मारपीट भी करने लगा, जिससे परेशान होकर दो साल पहले उसने पति के खिलाफ महिला थाने में शिकायत दर्ज की थी। इसके बाद पति कुछ दिन के लिए सुधरा, लेकिन बाद में दोबारा अन्य महिलाओं के पास जाने लगा। हालांकि, पत्नी ने कहा कि उसके बाद पति ने दोबारा कभी उस पर हाथ नहीं उठाया, लेकिन अपने परिवार को जोड़ रखने और बच्चों की परवरिश के लिए वह परेशान है।

### पति बोला: जहां प्यार मिला, वहां झुकाव हो गया

काउंसलिंग के दौरा जब पति से बात की तो उसने स्वीकारा की उसकी जिंदगी में एक अन्य महिला है। पति ने कहा कि पत्नी हर वक्त लड़ाई करती है, ऐसे में जहां उसे प्यार मिला, वहां झुकाव हो गया। हालांकि, पति ने कहा कि वह जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ेगा। मामले में पति इस शर्त पर साथ रहने और खर्च देने तैयार हो गया कि पत्नी हर जगह से शिकायतें वापस ले लेगी।

### यह है मामला

दरअसल, मिसरौद निवासी दंपति की शादी को 22 साल हो चुके हैं और इनकी दो बेटियां और एक बेटा भी हैं। पत्नी ने कहा कि शादी के दस साल बेहद खुशी से बीते लेकिन लगभग 11 सालों से सरकारी नौकरी में पदस्थ पति एक अन्य महिला के साथ लिवइन रिलेशनशिप में रहने लगा। यही नहीं कुछ समय बाद उसकी एक अन्य महिला से भी घनिष्ठता हो गई, जिसके चलते वह अपनी पूरी तनख्वाह इन दो महिलाओं पर खर्च करने लगा। पत्नी ने कहा कि स्थिति इस कदर बिग? गई कि वह परिवार की मूलभूत आवश्यकताओं और शिक्षा आदि का खर्च भी नहीं देता है। महिला ने यह चिंता भी जताई कि वर्तमान में पति अपनी लिवइन पार्टनर की बेटी की शादी पर पूरा पैसा खर्च करने की तैयारी में है। ऐसे में उसे अपनी बेटियों के भविष्य की चिंता सता रही है।

# मेट्रो प्रोजेक्ट से 90 हजार का लोहा चुराने वाले नाबालिग और खरीदार गिरफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** एमपी नगर पुलिस ने मेट्रो प्रोजेक्ट से 90 हजार रुपए का लोहे का सामान चुराने वाले दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। नाबालिग ने चोरी के बाद 90 हजार रुपए का माल महज 3 हजार रुपए में कबाड़ी को बेच दिया था। पुलिस ने उक्त मामले में महिला कबाड़ी को भी चोरी का माल खरीदने के कारण आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अज्ञात चोरों ने मेट्रो प्रोजेक्ट में चल रहे काम के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला लोहा चुरा लिया था। उक्त मामले की शिकायत प्रोजेक्ट में काम करने वाले एहतशम अली खान (53) निवासी आजाद नगर, झारखंड के द्वारा एमपी नगर पुलिस से की गई थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। इस बीच पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए मुखबिर तंत्र लगाए थे। मुखबिर से सूचना मिली कि सुभाष नगर फाटक के नीचे दो लड़के खड़े हैं और वह चोरी का माल बेचकर आए हैं। वह आपस में बातचीत कर रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों ने माल चुराने की बात स्वीकार ली। दोनों नाबालिग हैं। उन्होंने पूछताछ में बताया कि चोरी का माल उन्होंने परवीन चच्ची की कबाड़े की दुकान पर तीन हजार रुपए में बेचा है। पुलिस ने परवीन चच्ची की कबाड़े की दुकान से चोरी गया माल बरामद कर लिया है। पुलिस ने परवीन चच्ची (52) निवासी छोटा चंबल अर्जुन नगर को चोरी का माल खरीदने के लिए आरोपी बनाया है।

# कॉलेज छात्रा से स्कूटर सवार मनचले ने की अश्लील हरकत, गिरफ्तार

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित में कॉलेज छात्रा से स्कूटर सवार मनचले ने अश्लील हरकत कर दी। पीड़िता के शोर मचाने पर मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 18 साल की युवती बीएएलएलबी सेकंड ईयर में है। वह होशंगाबाद रोड पर सायकिलिंग ट्रैक से होकर विद्या नगर की तरफ जा रही थी। इसी बीच स्कूटर सवार दो युवक उसके पास पहुंचे। स्कूटर पर पीठे बैठे युवक ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत कर दी। छात्रा ने विरोध किया तो दोनों युवक रुक गए। हरकत करने वाला युवक छात्रा के पास पहुंचा और दोबारा से अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोगों ने हरकत करने वाले युवक को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवक का नाम कैलाश (35) बताया गया है। वह टाइल्स फिटिंग का काम करता है। स्कूटर चला रहे युवक ने पीड़िता के साथ किसी प्रकार की कोई हरकत नहीं की थी। लिहाजा पुलिस ने उसे आरोपी नहीं बनाया है।

### इधर, छात्रा से मनचले ने की छेड़छाड़

तलैया थाना क्षेत्र में पूजा करने मंदिर जा रही छात्रा से मनचले ने सरेराह छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार किशोरी कॉलेज छात्रा है। मोहल्ले में रहने वाला अजय शुक्ला काफी दिनों से पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। लड़की के घरवालों ने उसे कई बार समझाईश दी थी, लेकिन अजय की हरकतें बंद नहीं हुई। छात्रा जब पूजा करने मंदिर पहुंची, तभी आरोपी ने गेट पर उसे रोक लिया और बुरी नीयत से हाथ पकड़कर अश्लील हरकत कर दी।

### मानव सेवा के पुजारी को याद कर रहा संतनगर

# संत स्वामी हिरदारामजी का 118 वां अवतरण दिवस

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।** संत स्वामी हिरदारामजी साहिब का 118 वें जन्म दिवस सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कुटिया में संपट पाठ का संत सिद्धभाऊजी के सानिध्य में समापन हुआ। सेवा कार्य और भंडारे हो रहे हैं।

संतनगर के 21 सितंबर की शाम हर घर आंगन में पांच दीये प्रज्ज्वलित कर संतजी के शिक्षाओं का पुर्नस्मरण किया जाएगा। देश और विदेश से संतजी के अनुयायी आकर कुटिया में माथा टेकेंगे। हजारों बच्चों संतजी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे। संतजी के अवतरण दिवस पर गुरूवार को नवयुवक सभा भवन में संतजी के सेवादारी भंडारा आयोजित करेंगे, जिसमें हजारों की संख्या में लोग प्रसादी ग्रहण करेंगे।

### यह सेवा कार्य होंगे

गरीबों, अनाथाश्रमों, कुष्ठ रोग पुर्नवास



केन्द्रों, निर्धन बस्तियों की शालाओं, निःशक्त जन पुर्नवास केन्द्रों के मरीजों, दृष्टिबाधित छात्रावासों व शालाओं के लोगों के बची सेवा कार्य किए गए। सेवा सदन अस्पताल द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण और मोतियाबिंद आपरेशन शिविर लगाया गयाजाएगा।23 सितम्बर से निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर शिविर शुरू होगा।

### संस्कार विद्यालय के विद्यार्थी को बताए संतजी के पंचाक्षारीय

# सेवा, सुमिरन, स्वास्थ्य, शिक्षा, शांति संकल्प के साथ दीप जलाएंगे : चेलानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।** हम पांच दीप जलाकर संत हिरदारामजी के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लें यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात दीपमाला पागारानी पब्लिक स्कूल में संस्थान के सचिव बसंत चेलानी ने कही। वे संत हिरदारामजी के अवतरण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर मोहित शेवानी ने कहा कि हम संत हिरदाराम साहिब जी की 118वीं जयंती मनाने जा रहे हैं, सभी जानते है कि संत हिरदाराम नगर संतजी की कृपा से ही सेवा कार्य करते हुए निरंतर अग्रसर हो रहा है। संतजी के 118वें जन्मोत्सव को संत जी के द्वारा दिए गए पांच संदेश ''सेवा, सुमिरन, स्वास्थ्य, शिक्षा, शांति'' को दीपक के रूप में जलाएँगे जिसमें पहला दीपक हमारे जीवन में सेवा- सेवा कार्य से जु?



रहने की प्रेरणा देग्र। दूसरा दीपक सुमिरन-सुमिरन ईश्वर को पाने का एक साधन है, तीसरा स्वास्थ्य-स्वस्थ होंगे तो अपने सभी कार्यो को बिना किसी रूकावट के कर पाएँगे, चौथा शिक्षा- शिक्षा जीवन में सही रास्ते पर चलना सिखाती है और पांच शांति- विश्व में शांति स्थापित करना हमारा कर्तव्य है। इन पांच दियों के माध्यम से हम अपने जीवन में आ रहे, अंधकार को मिटाएँगे एवं अपने जीवन को संत जी के द्वारा दिए गए पांच संदेशों से अपने जीवन को उजालों से भर देंगे।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने अपने घरों में पांच दीपक जलाने का संकल्प लिया।

# अप्रवासी दानदाताओं का साहिबजी के सेवा कार्यों पर अभिमत

**हिरदाराम नगर।** संत स्वामी हिरदारामजी के 118 वें अवतरण दिवस पर अप्रवासी भारतीय दानदाताओं ने संतजी के सेवा कार्यों को याद किया है। सेवा कार्यो में सहभागिता का संकल्प लिया है और अपने विचार रखे हैं। कहा- है संतजी के सानिध्य में आकर सेवा कार्य करते हुए जीवन की धारा बदल गई।

### मेरे जीवन की धारा ही बदल गई थी



वर्ष 1992 में संत जी से मिलने के बाद मेरी जीवन की धारा ही बदल गई। संतजी ने मुझे बच्चे, बूढों और बीमारों की सेवा का संदेश दिया। संतनगरी जो कि एक तीरथधाम बन गया है, इससे मेरी अनेक यादें जुडी हुई हैं। यहां के सेवादारों, दानदाताओं के साथ सुबह से देर रात तक अथक सेवाएं करना मेरी स्मृति में सदा बने रहते हैं। सिद्ध भाऊजी के आशीर्वचनों से सोने में सुहागा जैसा प्रभाव महसूस होता। जीव सेवा संस्थान का चिकित्सा सेवा से लेकर, आपदा राहत में सहायता, शिक्षा, चिकित्सा, निर्धन कन्याओं के विवाह आदि अनेक सेवा गतिविधियां में प्रभावशाली रिकॉर्ड है।**डॉ. गोपाल बदलानी** अमेरिका

### संतनगरी सेवा का तीर्थ



मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे संतनगरी में संत हिरदारामजी के दर्शन और सेवा करने का अवसर मिला। संतनगरी सच्चे अर्थो में तीर्थस्थल है, यहां सरस्वती के मंदिर हैं, स्वास्थ्य के मंदिर हैं और सामाजिक सेवाओं के मंदिर हैं। मैंने अनेक धर्मार्थ संगठनों में काम किया है, परंतु मुझे ऐसा कोई संस्थान नहीं मिला, जहां लोग अपने पेशे अनुसार कार्य करने के बावजूद लोगों की हर तरह से मदद करने के लिए अपना समय और श्रम समर्पित करते हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि संतजी का सेवा प्रकल्प जीव सेवा संस्थान और अन्य सभी सहयोगी संगठन फलते-फूलते रहें और सभी क्षेत्रों में अनुकरणीय सेवा दे रहें।

**डॉ सुरेंद्र उपाध्याय,** लंदन

### संतजी की सीख से धन्य हो गया



जीव सेवा संस्थान के साथ मेरी यात्रा 1994 में शुरू हुई जब संस्थान के सचिव महेश दयारामानी हांगकांग आकर मुझे भोपाल आने के लिए आमंत्रित किया। 1995 में संत हिरदाराम साहिबजी से मुंबई में मिला। उस दिन की स्मृति आज भी मेरे मन में इतनी तीव्रता से ताज़ा है मानो कल ही की बात हो। यह जब मैं संतजी के पैर छूने के लिए उनके पास गया, तो उन्होंने मेरी मंशा जानना चाही। मैंने उत्तर दिया, आपका आशीर्वाद लेने के लिए। जिस पर उन्होंने कहा कि, मैं आशीर्वाद देने वाला कौन होता हूं इसके बजाय, उन्होंने एक गहन सीख दी। अगर मैं धन्य होना चाहता हूं, तो मुझे बच्चे, बूढ़े और बीमारों की निःस्वार्थ सेवा के कार्यों में लगना चाहिये ।

**कान हासोमल लखानी,** हॉगकॉग

### कैंपों की स्मृति विशेष हैं



सर्वप्रथम परमहंस संत हिरदाराम जी को मेरा शत शत प्रणाम। सिद्धभाऊजी को भी मेरी चरण वंदना। जीव सेवा संस्थान के कर्मठ सचिव महेश दयारामानी सहित सभी सेवाधारी व कार्यकर्ताओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई। मैं संतनगरी में प्रतिवर्ष आयोजित मेडिकल कैम्प में अपनी सेवाएं देने के लिए आती रही हूं परंतु 6 वर्ष पूर्व का वो कैम्प मेरी स्मृति मे विशेष है। इसमें सिद्ध भाऊजी के आशीर्वचन प्राप्त हुए जिससे मुझे मेरे जीवन का ध्येय सेवा है ये स्पष्ट हुआ।

**डॉ राधा सुखानी,** अमेरिका

### मानव सेवा काम कर रही जेएसएस

मैं संतजी के 118 वें अवतरण दिवस पर बधाई देता हूं। मैंने पाया कि जीव सेवा संस्थान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा आदि के क्षेत्र में मानव सेवा के अद्भुत कार्य कर रही है। मेरा मानना है लगभग 600 से अधिक निर्धन व्यक्तियों की आंखों के ऑपरेशन के लिए अपना सहयोग संत कृपा से यदि आप कभी भी स्वयं को एक जिम्मेदार समाजसेवी संस्था के साथ जोड़ना चाहते हैं और दान देना चाहते हैं तो जीव सेवा संस्थान एक सर्वोत्तम विकल्प है।

**सुनील तुल्सियानी,** कनाडा

### संतजी में देखा था भगवान

संतजी की 118 वीं जयंती पर हम उनका विनम्र स्मरण तथा नमन करते है। मैंने पहली बार 1997 में यूरोलॉजी कैम्प में भाग लेने के लिए जीव सेवा संस्थान का दौरा किया था, तब से हम हर वर्ष यहां आते रहे हैं। मैं इस क्षेत्र के बच्चों और लड़कियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई अन्य परियोजनाओं से जुड़ा हुआ हूं। सिद्धभाऊजी के नेतृत्व में जीव सेवा संस्थान संतजी के मिशन और दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सक्षम है। मैं सभी सेवाधारियों के प्यारए विनम्रता और समर्पण की प्रशंसा करता हूं।

**डॉ शिब्बन वरिको,** अमेरिका

ekatma dham
a journey of oneness

॥सर्वं खल्विदं ब्रह्म॥



# आदि शंकराचार्य जी की 108 फीट की बहुधातु प्रतिमा

# एकात्मता की मूर्ति

## शङ्करावतरणम्

एकात्मता की मूर्ति का अनावरण
एवं अद्वैत लोक का शिलान्यास

## ब्रह्मोत्सव

ओंकार नाद, वैदिक मंत्रोच्चार एवं विभिन्न प्रदेशों की नृत्य शैलियों में समवेत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



D-11111/23

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश के कर-कमलों द्वारा

**21 सितंबर, 2023 | प्रातः 10:30 बजे**

मांधाता पर्वत, **ओंकारेश्वर, मध्यप्रदेश**



- आचार्य शंकर के जीवन पर आधारित संग्रहालय **'अद्वैत लोक'** एवं अद्वैत वेदान्त दर्शन के अध्ययन, शोध एवं विस्तार हेतु **'आचार्य शंकर अन्तर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदान्त संस्थान'** की स्थापना।
- संतों, मनीषियों द्वारा विशिष्टजनों का प्रबोधन।
- संगीतकारों द्वारा आचार्य शंकर के स्तोत्रों का गायन।

www.oneness.org.in

सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Ekatmadham
@Cmmadhyapradesh @jansampark.mp @Ekatmadham
DDMP
webcast.gov.in/mp/cmevents
@jansamparkMP @EkatmaDham

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

# आधी आबादी: राजनीति का चेहरा बदलने वाला विधेयक, मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम

सुविचार

''अपने जीवन को इतना सार्थक बनाओ कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर सके ।''

## संपादकीय

## सुखांत की तरफ तीन दशक की टीस

राजनीति में महिलाओं को तैंतीस फीसद आरक्षण का विधेयक तीन दशक की कश्मकश के बाद पारित होने की दहलीज पर है। इसीलिये संसद का विशेष सत्र ऐतिहासिकता की तरफ बढ रहा है। केंद्र की मोदी सरकार ने इसमें महिला आरक्षण विधेयक पेश किया है। हालांकि सोमवार को सत्र शुरू होने के पहले ही और सदन में भी कांग्रेस ने यह मांग उठाई कि सरकार इसी सत्र में महिला आरक्षण विधेयक लाकर संसद और विधानसभाओं में उनके लिए एक तिहाई आरक्षण की व्यवस्था लागू कराए। न सिर्फ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों ने बल्कि एनडीए से जुड़े बीजेडी और एनसीटी अजित गुट ने भी इस मांग पर जोर दिया। इसीलिये कल सदन में इस विधेयक पर चर्चा का आगाज लगभग सकारात्मक दिशा की तरफ ही बढता रहा। हालांकि इसमें श्रेय लेने की होड़ भी चलने लगी है। भाजपा नेता चाहते हैं कि यह पूरा श्रेय उनके दल को मिले। जबकि संसद में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा कि उनके पति व तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी पहली बार स्थानीय निकायों में स्त्री की भागीदारी तय करने वाला संशोधन लाए थे जो राज्यसभा में 7 वोटों से गिर गया था। बाद में नरसिम्हा राव के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने ही उसे पारित कराया। आज उसी का नतीजा है कि देश के स्थानीय निकायों के जरिए 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। सोनिया ने यह भी कहा कि ÷राजीव गांधी की सपना अभी तक आधा ही पूरा हुआ है, इस बिल के पारित होने के साथ ही वह पूरा होगा। लिहाजा कांग्रेस इस बिल का समर्थन करती है। मगर फिलहाल तो इस बिल के अमल में आने पर देरी के आसार भी हैं,क्योंकि लोकसभा व राज्यसभा में पारित होने के बाद यह कानून बनेगा और तदनुसार लागू होगा। दो महीने बाद पांच राज्यों में विस चुनाव है और छह महीने बाद लोकसभा चुनाव हैं, लिहाजा यह संभावना कम है कि यह बिल इन्हीं चुनाव में लागू होगा। शायद इसीलिये सोनिया गांधी ने कहा कि भारतीय स्त्रियां अपनी राजनीतिक जिम्मेदारी का इंतजार कर रही हैं और अब उन्हें कुछ और साल इंतजार करने के लिए कहा जा रहा है। फिर सरकार ने परिसीमन की बात भी कहीं है तो जाहिर है कि यह समय लेगा। याद हो कि पहली बार विधेयक का विरोध अचंभित करने वाला था। सत्तारूढ़ दल और मुख्य विपक्षी दल इसके समर्थन में थे, विधेयक पारित होने में कोई बड़ी बाधा नहीं थी। छोटे दल इसके विरोध में थे, इन्होंने जबर्दस्त हंगामा किया, यहां तक कि बिल की प्रतियां फाड़ दी गईं। उस स्थिति में विधेयक संसद में पेश ही नहीं किया जा सका। माना जाता है कि प्रमुख दलों के नेतृत्व ने औपचारिक तौर पर विधेयक के पक्ष में स्टैंड लिया था, लेकिन प्रायः सभी दलों के पुरुष सांसद अंदर ही अंदर इसके खिलाफ थे। यही मुख्य वजह रही कि करीब 27 साल से सभी प्रमुख दलों की सहमति के बावजूद यह विधेयक कानून नहीं बन सका। मगर पिछले करीब तीन दशकों के दौरान न केवल समाज में महिलाओं की स्थिति बदली बल्कि खुद राजनीति में भी व्यापक बदलाव आया है। जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ी हैं। चुनाव में भागीदारी मामले में भी उन्होंने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है। राजनीति ज्यादा समय तक इन बदलावों की अनदेखी नहीं कर सकती। ऐसे में इस बिल का करीब तीन दशकों तक लटके रहना न सिर्फ महिला हितों के लिए बल्कि विकास की गति के लिहाज से भी नुकसानदेह ही माना जा सकता है।

**नीरजा चौधरी**

नरेंद्र मोदी सरकार ने जब संसद के विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की, तो लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे थे, लेकिन अब इसका मकसद सामने आ गया है। आधी आबादी को संसद एवं राज्यों की विधानसभाओं में राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए जिस महिला आरक्षण विधेयक की मांग पिछले 27 वर्षों से उठ रही थी, उसे पारित करने के उद्देश्य से ही प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने यह विशेष सत्र बुलाया था। नए संसद भवन की पहली कार्यवाही में लोकसभा में सबसे पहला विधेयक जो मंगलवार को पेश किया गया, वह नारी शक्ति वंदन विधेयक के नाम से महिला आरक्षण विधेयक ही है।

अभी लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व मात्र 15.21 प्रतिशत और राज्यसभा में 13.02 प्रतिशत है। जबकि आज महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी छाप छोड़ रही हैं, नए-नए क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, लेकिन राजनीति ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां उनके लिए दरवाजे तकरीबन सुनियोजित ढंग से बंद थे। कहा जाता था कि महिलाओं में चुनाव जीतने की क्षमता नहीं है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करवाने की शुरुआत राजीव गांधी ने की थी, जब स्थानीय निकायों के चुनाव में उनकी सरकार ने एक तिहाई सीटें आरक्षित करने की बात की थी, लेकिन वह विधेयक उनके प्रधानमंत्रित्व काल में पारित नहीं हो सका, क्योंकि राज्यों ने उसका तीखा विरोध किया था। नरसिंहा राव के कार्यकाल में वह विधेयक पारित हुआ। इसमें स्थानीय निकायों के चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गईं। बिहार जैसे राज्यों ने महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तक सीटें आरक्षित कर दीं। उसकी वजह से जमीनी स्तर पर आज ऐसी महिलाओं का एक बड़ा तबका है, जिन्हें पंचायत चलाने का राजनीतिक अनुभव है। महिलाएं आज अपने दम-खम पर बेहतर ढंग से पंचायतों का संचालन कर रही हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि जहां महिलाएं पंचायत में प्रधान या सरपंच रही हैं, उन्होंने बुनियादी मुद्दों-शिक्षा, स्वास्थ्य आदि को अहमियत दी है। राजनीतिक रूप से जागरूक उन महिलाओं के विशाल समूह को अब पंचायत से ऊपर राज्य विधानसभाओं और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, तो कानून भी महिला संवेदनशील बनेंगे और नीति-निर्माण में उनकी भूमिका बढ़ेगी। वर्ष 1996 में जब पहली बार एचडी देवगौड़ा सरकार ने लोकसभा में इसे पेश किया था, तो विभिन्न पार्टियों के कुछ वरिष्ठ लोग सांसदों को सदन में जाने से रोक रहे थे, क्योंकि वे चाहते थे कि सदन का कोरम ही पूरा न हो। यह मैंने स्वयं देखा है। हर पार्टी के भीतर इसको लेकर प्रतिरोध था, भले ही बाहर उनका जो भी रवैया हो। पुरुष नेताओं को अपनी सीटें गंवाने का भय था। फिर अटल बिहारी वाजपेयी के समय में भी इसे पेश किया गया, पर पारित नहीं हो सका। उसके बाद डॉ. मनमोहन सिंह के समय में 2008 में राज्यसभा में इसे पेश किया गया था, फिर इसे स्टैंडिंग कमेटी के पास भेज दिया गया था। अंततः 2010 में राज्यसभा में यह पारित हो सका। इसे पारित कराने में सोनिया गांधी की बहुत बड़ी भूमिका थी। लेकिन कांग्रेस अपने गठबंधन सहयोगियों-लालू यादव और मुलायम सिंह यादव के विरोध के कारण लोकसभा में इसे पारित नहीं करवा सकी, क्योंकि सरकार पर खतरा देख वह पीछे हट गई थी।




मंगलवार को जो बिल लोकसभा में पेश किया गया है वह नया है, हालांकि मनमोहन सिंह सरकार द्वारा लाए गए विधेयक से यह बहुत अलग नहीं है। नए बिल में केवल एंग्लो-इंडियन समुदाय के लिए आरक्षण से संबंधित प्रावधान हटा दिए गए हैं। इसमें लोकसभा, दिल्ली विधानसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों के आरक्षण का प्रावधान है। इन्हीं एक तिहाई सीटों में से एक तिहाई सीटें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। राज्यसभा और विधान परिषदों में महिलाओं के आरक्षण का प्रावधान नहीं है। इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है, जिसकी मांग की जा रही थी। हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मांग की है कि ओबीसी महिलाओं के लिए भी कोटा के भीतर कोटा का प्रावधान किया जाए, लेकिन मुझे नहीं लगता कि ओबीसी आरक्षण का प्रावधान नहीं होने से इसका ज्यादा विरोध होगा। मसलन, नीतीश कुमार महिलाओं के मतों के कारण पिछली बार जीते थे। ऐसे में, वह इस विधेयक का विरोध करके महिलाओं की नाराजगी क्यों मोल लेंगे? तेजस्वी यादव क्या लालू यादव के स्टैंड पर ही कायम रहकर राजनीति करेंगे या उससे आगे बढ़ेंगे?

दूसरी पार्टियां भी विरोध नहीं करेंगी, क्योंकि तब इसका पूरा श्रेय नरेंद्र मोदी ले जाएंगे। अगर वे समर्थन करते हैं, तो उन्हें भी इसका श्रेय मिल सकता है, क्योंकि शुरुआत तो उन्हीं लोगों ने की थी। वैसे भी पिछले कुछ वर्षों से दिख रहा है कि मतदान में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और पुरुषों के मुकाबले राजनीतिक रूप से ज्यादा जागरूक हैं। इसलिए भी कोई इस विधेयक का विरोध नहीं करना चाहेगा। इस विधेयक की एक खामी यह कही जा सकती है कि यह परिसीमन के बाद ही लागू होगा, जो संभवतः 2027 में होगा। नतीजतन पारित होने के बाद भी अब यह कानून 2029 के लोकसभा चुनाव में ही लागू हो पाएगा। इसलिए अभी इसे प्रतीकात्मक ही कहा जा सकता है। इसके अलावा परिसीमन कानून के लिए एक अलग विधेयक या अधिसूचना की जरूरत होगी। यदि यह विधेयक इस सत्र में पारित हो जाता है, तो विभिन्न दलों में श्रेय लेने की होड़ लग जाएगी। बेशक इसमें विभिन्न पार्टियों का योगदान है, लेकिन अंततः जीतने वाले को ही सिकंदर माना जाता है। इसलिए नरेंद्र मोदी और भाजपा को इसका श्रेय मिलेगा, और उसे चुनावी लाभ भी मिलेगा। लेकिन तुरंत लागू नहीं होने के कारण 2024 के चुनाव पर इसका क्या असर पड़ता है, यह देखने वाली बात होगी। कुल मिलाकर, यह मोदी सरकार का एक ऐतिहासिक कदम है। इस विधेयक के पारित होने से न केवल शहरी महिलाएं, बल्कि ग्रामीण महिलाएं भी उत्साहित हो सकती हैं। इससे न केवल देश का राजनीतिक चेहरा बदलेगा, बल्कि समाज भी बहुत प्रभावित होगा। बहुत से लोग मानते हैं कि यह सदी महिलाओं की होने वाली है, खासकर युवा महत्वाकांक्षी महिलाओं की। और भारत की महिलाएं तेजी से आगे बढ़कर देश निर्माण में भूमिका निभा रही हैं।

## निशाना

### खेल रहे हैं सारे !



– कृष्णेन्द्र राय

है बढ़ानी सीटें ।
चल रहा है काम ।।
करने को कमाल अब ।
कोशिशें तमाम ।।
खेल रहे हैं सारे ।
अपना अपना खेल ।।
थोड़ा थोड़ा अपनो पर ।
कस रहे नकेल ।।
हो रहा व्यवहार ऐसा ।
जैसे चमत्कार ।।
बंद है तकरार अभी ।
करने को उपकार ।।
मच रही है धूम अब ।
लाने को बहार ।।
है इच्छा कुछ ऐसी ।
ना फिसले आधार ।।

## आज का इतिहास

- 1621 ब्रिटेन के राजा जेम्स प्रथम ने सर एलेक्जेंडर स्टरलिंग को नोवा स्कॉशिया उपनिपेशीकरण का अधिकार पत्र दिया।
- 1677 नीदरलैंड के जॉन और निकोल्स वान डर हेडेन ने अग्निशामक यंत्र के लिए पेटेंट हासिल किया।
- 1745 चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्टडेफ के नेतृत्व में जैकबाइट रिस्सिंग-जैकबाइट की टुकड़ियों ने स्कॉटलैंड के ईस्ट लोथियन के प्रेस्टनोन में हनोवरियों को मार डाला।
- 1745 प्रेस्टन पैन की लड़ाई–बोनी प्रिंस चार्ल्स ने ब्रिटिश सरकार सेना को हराया।
- 1746 फ्रांसीसी अभियान सेना लबोरडननानिस और डुप्लेक्स मद्रास को घेरा।
- 1776 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-न्यूयॉर्क की महान आग ने न्यूयॉर्क शहर पर ब्रिटिश कब्जे के दौरान तोड़ दिया, 1,000 इमारतों को नष्ट कर दिया।
- 1780 बेनेडिक्ट अरनॉल्ड ने ब्रिटिश मेजर जॉन आंद्रे को पश्चिम प्वाइंट की योजना दी।
- 1784 अमेरिका का पहला दैनिक अखबार (पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) छपा।
- 1826 राइड्यू नहर का निर्माण कनाडा में शुरू किया गया।
- 1860 दूसरी अफीम युद्ध-एंग्लो-फ्रांसीसी सेना ने पालिकाओ की लड़ाई में किंग वंश के सैनिकों के खिलाफ एक निर्णायक जीत हासिल की, जिससे उन्हें बीजिंग पर कब्जा करने की अनुमति मिली।
- 1883 अमेरिका और ब्राजील के बीच टेलीग्राफ सेवा शुरू हुई।
- 1895 सबसे पहला ऑटोमोबाइल निर्माता दुरया मोटर वैगन कंपनी खोली गयी।
- 1919 संयुक्त राज्य अमेरिका में इस्पात हड़ताल की शुरुआत हुई।

# क्या हिन्दू महिलाओं पर पाबंदियों के लिए मुस्लिम हमलावर जिम्मेदार हैं?

**राम पुनियानी**

आरएसएस का जन्म स्वाधीनता आन्दोलन से उपजे जातिगत और लैंगिक समानता की स्थापना के अभियान की खिलाफत में हुआ था. उस समय भारत एक राष्ट्र के रूप में उभर रहा था और इस प्रक्रिया से सामंती पदक्रम कमजोर हो रहा था और जाति, वर्ग और लिंग से ऊपर उठ कर सभी को समान अधिकार देने की बात हो रही थी. इसी की प्रतिक्रिया में मुस्लिम और हिन्दू राष्ट्रवादी उभरे, जो धर्म के नाम पर सामाजिक ऊंचनीच को बचाए रखना चाहते थे। हिन्दू राष्ट्रवादी आरएसएस ने भारत के स्वर्णिम अतीत की काल्पनिक कथा गढ़ी। वह उस काल को गौरवशाली बताता है जब सामाजिक व्यवस्था मनुस्मृति के कानूनों से संचालित थी। उसका दावा है कि हिन्दू मूल्य महान हैं। वे सभी जातियों को बराबरी का दर्जा देते हैं और महिलाओं को सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। मुस्लिम आक्रान्ताओं और लुटेरों के देश पर हमलों से उन गौरवशाली मूल्यों का पतन हुआ। हिन्दू समुदाय में महिलाओं को उच्च दर्जा हासिल था परन्तु मुस्लिम हमलावरों की हरकतों के चलते, महिलाओं पर कई तरह के प्रतिबन्ध लगाना हिन्दुओं की मजबूरी बन गई और इसी कारण सती प्रथा का जन्म हुआ. हिन्दू महिलाओं पर बंदिशों के पीछे के कारण को समझाने के लिए हिन्दू राष्ट्रवादियों ने यह मिथक गढ़ा।

यही दावा हाल में आरएसएस सह कार्यवाह (महासचिव) कृष्ण गोपाल ने नारी शक्ति संगम के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। भारत में महिलाएं कैसे सशक्त से निशक्त हुईं, इसे समझाते हुए उन्होंने कहा, 12वीं सदी के पहले तक महिलाएं काफी हद तक आजाद थीं परन्तु मध्यकाल (मध्यकालीन भारत) में हालात बदल गए. वह बहुत कठिन समय था...पूरा देश गुलामी से जूझ रहा था। महिलाएं खतरे में थीं लाखों महिलाओं को अगवा कर दूसरे देशों में बेच दिया गया. (अहमद शाह) अब्दाली, (मुहम्मद) गौरी और (महमूद) गजनी यहाँ से महिलाओं को ले गए और उन्हें बेच दिया...वह हमारे देश के अपमान का दौर था। तो हमारी महिलाओं की रक्षा के लिए हमारे समाज ने उन पर कई तरह की रोकें लगा दीं। शत्रु राजा के राज्य में लूटपाट करना और पराजितों को गुलाम बनाना केवल मुस्लिम आक्रान्ताओं तक सीमित नहीं था। हिन्दू और अन्य राजाओं ने भी विजित इलाकों को लूटा, महिलाओं को अगवा किया और पुरुषों को गुलाम बनाया। चोल राजा, श्रीलंका से बड़ी संख्या में लोगों को गुलाम बनाकर लाये थे। छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना, कल्याण राज्य को जीतने के बाद वहां से धन-दौलत के अलावा, वहां के मुस्लिम शासक की बहू को भी अपने साथ ले गयी थी। जिन पाबंदियों की बात कृष्ण गोपाल कर रहे हैं, वे दक्षिण एशिया में मुस्लिम राजाओं के कदम रखने के पहले से हिन्दू महिलाओं पर लागू थीं। सती प्रथा, जिसके अंतर्गत हिन्दू विधवाओं को उनके पति की चिता पर जिंदा जला दिया जाता था, भी पहले से भारत में विद्यमान थी।

**उत्तर-गुप्त काल में, व्यापार-व्यवसाय में गिरावट, महिलाओं के स्थिति में गिरावट का कारण बनी. उनके शिक्षा प्राप्त करने पर रोक लगा दी गयी, बाल विवाह होने लगे और विधवा पुनर्विवाह पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। इसी के कारण सती जैसी भयावह प्रथा को बढ़ावा मिला। अपनी पुस्तक वीमेन: हर हिस्ट्री में चंद्रबाबू और थिल्गावती ने इस स्थिति का सारगर्भित वर्णन किया है।**



प्राचीन भारत में भी महिलाएं संपत्ति और शिक्षा के अधिकारों से वंचित थीं। प्राचीन ग्रंथों में सती प्रथा का वर्णन है। महाभारत के अनुसार, पाण्डु की पत्नी माद्री सती हुईं थीं। इसी तरह, भगवान कृष्ण के पिता वासुदेव की चारों पत्नियां भी अपने पति की चिता पर सती हो गईं थीं। सच तो यह है कि पितृसत्तामकता और अपने वंश की श्रेष्ठता का अभिमान, महिलाओं के दमन और सती प्रथा की जड़ में थे। रोमिला थापर के अनुसार, पितृसत्तामक समाज में महिलाओं की पराधीनता, कुल के सम्मान की रक्षा और महिलाओं की यौनिकता पर नियंत्रण सती प्रथा के उदय के पीछे के प्रमुख कारक थे। विद्या देहेजिया के अनुसार, सती प्रथा क्षत्रिय कुलीन वर्ग में जन्मीं और अधिकांश मामलों में हिन्दुओं के योद्धा वर्ग तक सीमित रही। उत्तर-गुप्त काल में, व्यापार-व्यवसाय में गिरावट, महिलाओं के स्थिति में गिरावट का कारण बनी. उनके शिक्षा प्राप्त करने पर रोक लगा दी गयी, बाल विवाह होने लगे और विधवा पुनर्विवाह पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। इसी के कारण सती जैसी भयावह प्रथा को बढ़ावा मिला। अपनी पुस्तक वीमेन: हर हिस्ट्री में चंद्रबाबू और थिल्गावती ने इस स्थिति का सारगर्भित वर्णन किया है- लड़कियों को बहुत कम या न के बराबर स्वतंत्रता हासिल थी। लड़कियों की शादी बहुत छोटी आयु में कर दी जाती थी....उन्हें शिक्षा तक पहुँच नहीं थी...और सती प्रथा के पालन को श्रद्धास्पद माना जाता था।

अब आरएसएस इस स्थिति से कैसे निपटे? आरएसएस केवल पुरुषों का संगठन है. इसने राष्ट्र सेविका समिति नामक एक संगठन बनाया जरूर है परन्तु वह आरएसएस के अधीन है। इस संगठन के नाम से यह जाहिर है कि वह इस मुद्दे पर हिन्दू राष्ट्रवादी सोच को प्रतिबिंबित करता है। इस संगठन के नाम से 'स्वयं' शब्द गायब है।राष्ट्र सेविका समिति अपनी महिला अनुयायियों को क्या सिखा रही है यह संघ परिवार की कई महिला नेत्रियों के कथनों से जाहिर है. समिति का नेतृत्व, महिलाओं को पराधीन रखने के पक्ष में है। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयाराजे सिंधिया ने रूपकुंवर सती काण्ड के बाद, सती प्रथा के समर्थन में संसद के समक्ष प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। उस समय संसद, सती प्रथा पर रोक लगाने के लिए नया कानून बनाने पर विचार कर रही थी. विजयाराजे के अनुसार, सती एक गौरवशाली परंपरा है और हिन्दू महिलाओं को सती होने का अधिकार है. समिति की एक अन्य शीर्ष नेता, मृदुला सिन्हा जो बाद में गोवा की राज्यपाल बनीं ने सेवी पत्रिका को अप्रैल 1994 में दिए गए एक साक्षात्कार में हिन्दू महिलाओं को यह सलाह दी थी कि वे पति के हाथों पिटाई को स्वीकार करें. उन्होंने दहेज प्रथा का बचाव किया और महिलाओं का आव्हान किया कि जब तक बहुत जरूरी न हो, वे घर से बाहर जाकर काम न करें।

आरएसएस के पूर्व प्रचारक प्रमोद मुत्तालिक की राम सेने ने मंगलौर में पब से लौट रही लड़कियों की पिटाई लगाई थी. वैलेंटाइन्स डे पर युवा युगलों पर हमले, संघ परिवार के सदस्य बजरंग दल की गतिविधियों का हिस्सा रहा है. सन 2020 में 10 नवम्बर को, गोवा पुलिस ने एक विधि महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक शिल्पा सिंह के खिलाफ इसलिए एफआईआर दर्ज की थी क्योंकि उन्होंने विवाहित हिन्दू स्त्रियों द्वारा पहने जाने वाले मंगलसूत्र की तुलना, पालतू कुत्ते के पट्टे से की थी. संघ की विद्यार्थी शाखा एबीवीपी ने महाविद्यालय प्रशासन से शिल्पा सिंह की शिकायत भी की थी। भाजपा सरकार ने गीता प्रेस, गोरखपुर को 2023 के गाँधी शांति पुरस्कार से नवाजा है। यह प्रकाशक उन्हीं मूल्यों का पैरोकार है जिन्हें संघ परिवार बढ़ावा देना चाहता है। अपनी पुस्तकों के जरिये यह संस्थान जाति और लैंगिक मसलों पर मनुमृति के मूल्यों को पुनर्स्थापित करना चाहता है। इस प्रकाशक की कई पुस्तकें, हिन्दू महिलाओं को पुरुषों के अधीन रहने की सलाह देती हैं. इनमें से कुछ हैं हनुमान प्रसाद पोद्दार की 'नारी शिक्षा', स्वामी रामसुखदास की 'गृहस्थ में कैसे रहें? और जय दयाल गोयनका की 'स्त्रियों के लिए कर्त्तव्य शिक्षा' और 'नारी धर्म'। इसके अलावा, संघ परिवार ने काल्पनिक 'लव जिहाद' के नाम पर हिन्दू महिलाओं को नियंत्रित करने और मुसलमानों को निशाना बनाने का अभियान चलाया हुआ है. इन संस्थाओं के प्रतिनिधि, घर-घर जाकर हिन्दू परिवारों के यह सन्देश दे रहे हैं कि वे अपनी लड़कियों और बहनों पर 'नजर रखें'. चाहे वह 1920 हो या 2009, हिन्दू दक्षिणपंथियों के अभियान का आधार पितृसत्तामक मूल्य होते हैं. इनमें भोली-भाली हिन्दू महिलाओं को मुस्लिम पुरुषों के हाथों शिकार होते दिखाया जाता है. इसमें इस बात को नजरअंदाज किया जाता है कि हिन्दू महिलाओं को प्रेम करने और अपनी पसंद से विवाह करने का अधिकार है। आरएसएस का नेतृत्व, समाज के पितृसत्तामक मूल्यों को बढ़ावा देना चाहता है और भारत के हिन्दू समाज के बुराईयों का दोष बाहरी कारकों पर डालते हैं. वे भारत के सामाजिक ढांचे और हिन्दू धर्मग्रंथों के मूल्यों की कमियों को नजरअंदाज कर रहे हैं.

*(लेखक नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित है यह उनके विचार हैं। अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)*

## संयुक्त किसान मोर्चा ने किया पुष्पराज का पुतला दहन

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष के बयान से मचा बवाल

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

विगत दिवस कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक शिव कुमार शर्मा को लेकर दिए गए बयान के विरोध में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ एवं संयुक्त किसान मोर्चा ने माखन नगर में कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल का पुतला दहन किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं का कहना था कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक शिव कुमार शर्मा कक्का के ऊपर झूठे आरोप लगाए थे, कि उन्होंने ढाई लाख किसानों का आंदोलन जो वर्ष 20/12 /2010 में भारतीय किसान संघ के बैनर तले हुआ था उस आंदोलन को बेचा था।

किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं का कहना है कि आंदोलन के बेचने की बात बेबुनियाद है क्योंकि भारतीय किसान संघ में व्यक्ति कोई निर्णय नहीं ले सकता है प्रदेश कमेटी के सदस्य एवं प्रदेश संगठन मंत्री की इच्छा के विरुद्ध न ही तो कोई आंदोलन तय होता है और ना ही कोई आंदोलन स्थगित किया जा सकता है।अगर यह बात जो कि कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बोल रहे हैं, सत्य है तो कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सबूत पेश करें। कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारा लगाए गए सभी तथ्य वे बुनियाद है इसलिए राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के नेतृत्व में पुतला दहन कर रहे हैं। कार्यकर्ता का



कहना है कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारा दिए गए बयान को लेकर हम सब आक्रोशित हैं। एक राष्ट्रीय राजनैतिक पार्टी के जिला अध्यक्ष के द्वारा दिया गया बयान निंदनीय है।

पुतला दहन के दौरान रमाकांत मीणा, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सिंह तोमर, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ प्रांतीय संगठन मंत्री जिला अध्यक्ष शिवराज राजोरिया, जिला उपाध्यक्ष मनोहर पटेल, माखन नगर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम मीना, सोहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष सतीश रघुवंशी, पिपरिया ब्लॉक अध्यक्ष महेश उपाध्याय एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य मनीष मीणा, निथिलेश मीना, हल्के, बबलू यादव आदि कार्यकर्ताउपस्थित रहे।

## मेरे बयान से तकलीफ हुई तो मैं माफी चाहता हूं: पुष्पराज

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक शिवकुमार शर्मा कक्का के सम्बन्ध मे संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा प्रेस वार्ता करने के एक दिन बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल ने प्रेस वार्ता बुलाकार कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा ने एक प्रेस वार्ता कर मेरे द्वारा पूर्व में दिए बयानों को लेकर एक वीडियो दिखाया है। चूँकि पूर्व में किसान संघ भारतीय जनता पार्टी से संबंधित था और उसे दौरान में कांग्रेस की ओर से किसानों के हित में लड़ाई लड़ी एवं कई आंदोलन भी किया। कक्का जी हमारे आदरणीय है एवं हमारे जिले से ही है और



आज किसानों के हित में लड़ते हुए राष्ट्रीय किसान नेता बने हैं। किसानों के हित में लड़ने वाले और हम भी किसानों के हित में लड़ने वाले हैं और मेरे बयानों से कक्का जी को जो भी तकलीफ और उनकी सम्मान को ठेस पहुंची हो तो उसके लिए मैं माफी मांगता हूं। प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा के लिए उन्होंने बताया कि यह यात्रा हरदा से प्रारंभ हुई है और सिवनी मालवा, छिंदवाड़ा होती हुई इस जन आक्रोश यात्रा पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी के नेतृत्व में निकाली जा रही है एवं जिले में 26 सितंबर को प्रवेश कर 28 सितंबर तक रहेगी। जन आक्रोश यात्रा का जिलेवार प्रतिनिधित्व किया



## "विकास रथ" के माध्यम से गांव-गांव में दी जा रही योजनाओं की जानकारी

**हरदा , दोपहर मेट्रो**

प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में निवासरत लोगों को देने के उद्देश्य से इन दिनों विकास रथ लगातार भ्रमण कर रहा है। विकास रथ जिले की पंचायतों का लगातार दौरा कर जिले में हुए विकास कार्यो की जानकारी ग्रामीणों को फिल्म के माध्यम से दे रहा है। इसी क्रम में बुधवार को विकास रथ हरदा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जयमलपुरा, खेड़ीमाल, प्रतापपुरा, जूनापानी भंवरदी, कुड़ावा, नीमसराय, मुहालकला व पिपल्याभारत में पहुँचा। इन ग्रामों में एलईडी टीवी के माध्यम से जिले के विकास पर केन्द्रित फिल्म दिखाई गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खिरकिया ने बताया कि गुरूवार को विकास रथ लोनी, सक्तापुर का भ्रमण करेगा तथा फिल्म के माध्यम से वहां के ग्रामीणों को प्रदेश और हरदा जिले में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार विकास रथ 22 अगस्त को ग्राम पोखरनी, कालधड़, पड़वा, चारूवा, सारसूद सहित नगर परिषद खिरकिया के विभिन्न वार्डो का भ्रमण करेगा।

# पुलिस ने बल प्रयोग किया तो कार्यकर्ता करने लगे सरकार के खिलाफ नारेबाजी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

बुधवार को जिले में प्रवेश हुई जन आशीर्वाद यात्रा को इटारसी में प्रवेश के दौरान काले झंडे दिखाने निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नर्मदा पुरम आईटीआई मार्ग पर पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोक लिया. बताया जाता है कि युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार को जन विरोधी बताते हुए अपना विरोध दर्ज करने के लिए पूर्व से ही प्रदर्शन तय किया था.

तय कार्यक्रम के अनुसार युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता रोहन जैन नगर अध्यक्ष सत्यम तिवारी एवं गुलाम मुस्तुफा के नेतृत्व में हलवाई चौक से बाइकों पर सवार होकर इटारसी की ओर निकले थे. तभी सूचना लगने पर आईटीआई मार्ग पर हरियाली के पास पुलिस ने बैरिकेड लगाकर सभी कार्यकर्ताओं को रोक लिया.पुलिस से कार्यकर्ताओं की तीखी



बहस शुरू हो गई जिसके बाद कार्यकर्ता नहीं माने और अपनी बाइक लेकर आगे जाने लगे तभी पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए उन्हें फिर रोका तो कार्यकर्ताओं ने जमीन पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की.प्रदर्शन को बढ़ता देख पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को उठाकर वैन में भरा और देहात थाने ले गई. प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय सैनी विचार विभाग की जिला अध्यक्ष भूपेश थापक प्रदेश प्रवक्ता रोहन जैन नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यम तिवारी पूर्व प्रदेश सचिव एनएसयूआई गुलाम मुस्तफा , आफरीद खान,कपिल यादव , अफरा खान , धीरज शर्मा , वसीम खान ,रिशां खान , आदि कार्यकर्ता शामिल थे ।

## आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के विक्रय पर की कार्यवाही

**हरदा ।** आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी श्री रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने वृत हरदा के लाल स्कूल, टंकी मोहल्ला, पीलियाखाल, सकुर कॉलोनी, उड़ा, खेड़ीपुरा एवं वृत टिमरनी के ग्राम चारखेड़ा, अहलवाड़ा व टिमरनी में दबिश दी। जप्त किये गये मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 109195 रूपये है।

## आगामी विस निर्वाचन के संबंध में सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों को बारीकी से समझ कर उनका प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। निर्वाचन से संबंधित सभी कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। मतदाता सूची के प्राप्त आवेदनों और दावे आपत्तियों का भी तत्परता पूर्वक निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए हैं।बुधवार को कलेक्टर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में मतदान प्रक्रिया रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजेश जैसवाल और दुर्गेश नंदन व्यास द्वारा असंविधिक बुकलेट , मतदान केंद्र पर पहुंचने के दिवस पर कार्यवाही, मतदान केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएँ , केंद्र पर आवश्यक सूचनाओं का प्रदर्शन , मतदान अधिकारियों के कार्य, मतदान दिवस पर मतदान पूर्व की तैयारियां , मॉकपॉल का आयोजन, मतदान प्रक्रिया , मतदान प्रारंभ , मतदान केंद्र के आस पास निर्वाचन विधि का लागू करना, विशेष परिस्थितियों में मतदान आदि बिंदुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## जिले में कोई भी बच्चा स्कूलों में दाखिले से वंचित न रहे: कलेक्टर

**नर्मदापुर, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, खेल एवं युवा कल्याण आदि विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में सबसे पहले कक्षा 1 में नामांकन की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन भी बच्चों की समग्र आईडी नहीं बनी हुई है, उनकी समग्र आईडी बनवाएं एवं जो बच्चे समग्र आईडी होते हुए भी कक्षा 1 में नामांकित नहीं हुए हैं। ऐसे बच्चों की मैपिंग कर उन्हें कक्षा 1 में दाखिला दिलवाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे कक्षा 5 कक्षा एवं 6 से ऐसे बच्चों को चिन्हांकित करें जो की



टी.सी ले चुके हैं। यह देखे कि ऐसे बच्चे क्या अभी प्रदेश में ही किसी अन्य स्कूलों में दाखिला लेकर अध्यनरत है या प्रदेश के बाहर जा चुके हैं।

कलेक्टर ने इस दौरान निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की समीक्षा करते हुए डीईओ नर्मदापुरम को निर्देश दिए हैं कि वह स्कूलों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण का डाटा शीघ्र फीड कराए एवं आवंटित पुस्तके और बाटी गई पुस्तको के अंतर में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम को निर्देशित किया

## विधानसभा चुनाव: बीएलओ और सुपरवाइजर करेंगे डोर टू डोर सर्वे

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 20 सितंबर से 30 सितंबर तक डोर टू डोर सर्वे का कार्य किया जाना है। जिसके संबंध में विधानसभा क्षेत्र 137 होशंगाबाद के सभी बी.एल.ओ. एवं बी.एल.ओ. सुपरवाईजर का एक दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय एस.एन.जी. उमावि, नर्मदापुरम में आयोजित किया गया जिसमें सभी बी.एल.ओ. को बी.एल.ओ एप्प में किये जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार से बताया गया।

उक्त प्रशिक्षण में अनुविभागीय एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आशीष पांडे, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शक्ति तोमर, कार्यालयीन स्टाफ अमित श्रीवास्तव एवं अन्य उपस्थित रहे। आशीष पांडे द्वारा सभी बी.एल.ओ. को इस संबंध में आवश्यक निर्देश देकर समय सीमा में सभी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु समझाइश दी गई।

## चोरी के अज्ञात फरार आरोपियों पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित

**हरदा , दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कंचन ने थाना टिमरनी के अपराध क्रमांक 540/23 ग्राम नौसर में हुई चोरी के प्रकरण में अज्ञात फरार आरोपियों की सूचना देने वाले को 10 हजार रूपये का इनाम देने की घोषणा की है। इनाम की यह राशि उस व्यक्ति को दी जाएगी जो कि अज्ञात फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये जरूरी सूचना पुलिस को देगा।

**मेट्रो एंकर** 11 साल पहले आरोपी मां सहित भांजे की हत्या कर जेल जा चुका है

# मक्का के खेत में पति ने की पत्नी की बेरहमी से हत्या



घटनास्थल का जहां आरोपी ने महिला की हत्या की

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

विकास खंड के मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर ग्राम गोटा बररी में संतोष हरिजन के खेत में मक्का की फसल की रखवाली करने वाले जुन्नर सिंह ने अपनी पत्नी रामवती बाई उम्र 45 वर्ष की चरित्र शंका को लेकर हत्या कर दी। हत्या की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी उषा मरावी सब इंस्पेक्टर संजय पांडे सोनाली राहुल संदीप दुबले मंगेश सहित जब घटनास्थल पर पहुंचे तो मृतिका निर्वस्त्र अवस्था में मिली वही उसके शरीर पर इतने गंभीर चोट के निशान थे कि देखने वाले भी दंग रह गए आरोपी ने अपनी पत्नी को बड़े ही बेरहमी से मारकर हत्या कर दी। मृतिका के बच्चों ने बताया कि पिता ने हीं मां की हत्या की है आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा। सन 2012 में इसी आरोपी जुन्नर सिंह ने अपनी मां भूरिया भाई की और अपने भांजे गोरु की ग्राम भावंदा में हत्या करके जेल जा चुका है। हत्या के इस आदतन अपराधी ने अपनी पत्नी की हत्या को अंजाम दिया आरोपी ग्राम भावंदा का रहने वाला है जो लगभग 15 सालों से अपनी ही ससुराल गोटा बररी में रह रहा था। फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा।



हत्या का आरोपी



### 2 बजते ही जिले की टीम भी चलती बनी, प्रचार-प्रसार के अभाव में नहीं पहुंच सके लोग

# औपचारिकता पूरी करने के लिए आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन?

## जिम्मेदार बोले कि मुझे नहीं मिला समय

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सरकार के द्वारा हर व्यक्ति को स्वस्थ सुविधाओं का लाभ मिले उसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं सीएम के गृह जिले में जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा खुलेआम पलीता लगाने का काम किया जा रहा है। इसकी वजह से महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ भी अधिकांश लोगों को नहीं मिल पा रहा है। विकासखंड से लेकर जिले के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी अभियानों को भी पलीता लगाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में आयुष्मान भव स्वास्थ्य निशुल्क शिविर आयोजित करने के लिए अभियान प्रारंभ किया गया है। शासन की इस महत्वपूर्ण पहल पर भी पानी फेरने का काम जरूर किया जा रहा है। सिविल आयोजित करने से पहले स्वास्थ्य विभाग को नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में इसका पहले प्रचार प्रसार करवाना था ऐसा तो नहीं किया गया हैरानी की बात तो है कि मीडिया को भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों ने सूचना देना जरूरी नहीं समझा क्योंकि जानकारी देते तो उनकी लापरवाही की पोल मीडिया के सामने खुल जाती है। उससे बचने के लिए मीडिया को जानकारी देना उचित नहीं समझा। क्षेत्र के अधिकांश जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी नहीं दी गई।बस औपचारिकता पूरी करने के लिए रस्म अदायगी जरूर कर दी गई।

### जनता को नहीं मिल सका लाभ

शिविर के संबंध में किसी भी तरह की जानकारी आम जनता तक नहीं पहुंचाई गई इसकी वजह से विकासखंड के हजारों लोगों को शासन के महत्वपूर्ण अभियान से वंचित रह गए सरकार के द्वारा इस अभियान के तहत आयुष्मान कार्ड से लेकर हेल्थ कार्ड बनवाना हुआ ऐसी मरीजों की पहचान करना




जो कई तरह की गंभीर बीमारियों से पीड़ित चल रहे हैं साथ ही जनरल मरीज का भी चेकअप करना था पर उनको इसका लाभ नहीं मिल सके इसलिए इस तरह के शिविर आयोजित करने के निर्देश सरकार के द्वारा जारी किए गए हैं। जिनका पहले से ही प्रचार-प्रसार भी करवाना है मीडिया में भी जानकारी देकर शिविर के संबंध में सूचना देनी है पर इस तरह की कोई पहल स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार वीएमओ के द्वारा नहीं की गई।

### सीएम के गृह जिले में ऐसी लापरवाही जारी

मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के बाद भी विखंड में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारियां के द्वारा केवल दिखावा करने के लिए आयोजन किया जा रहे हैं।जबकि सीएम के गृह जिले में गंभीरता से काम करते हुए कई दिन पहले से प्रचार प्रसार कर कर हजारों मरीजों को इस शिविर का लाभ दिलवाना था ऐसा ना करते हुए दिखावा कर दिया गया।

### इनका कहना है

आम जनता को शासन की योजना का लाभ वैसे ही नहीं मिल रहा है। अधिकांश अधिकारी कर्मचारी केवल भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं। स्वास्थ्य मेले के नाम पर केवल खाना पूर्ति की गई है किसी भी तरह का कोई प्रचार प्रचार नहीं कराएगा किसी को भी इसकी जानकारी नहीं थी ऐसे लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों पर हमारी सरकार बनने के बाद हम कार्रवाई करवाएंगे।

**सुरेंद्र रघुवंशी**, कांग्रेस प्रदेश सचिव

समय नहीं था इसकी वजह से ज्यादा लोगों को सूचना नहीं दे पाए मेरी तबीयत भी खराब थी पर जिले के अधिकारियों ने बोला कि कैंप आयोजित करना है इसीलिए आनंद फलन में इसको आयोजित किया गया है वैसे ही यहां पर मीडिया में 100 लोग हैं कि-किसी को सूचना देता दूसरा लाउडस्पीकर से प्रचार प्रसार नहीं कराया बाकी अपने स्तर से मैंने सूचना सबको दे दी थी।

**अमित भेदिया**,बीएमओ सिरोंज।

यदि ऐसा है तो बीएमओ से बात करेंगे साथ इस संबंध में सीएमएचओ को भी अवगत कराएंगे जिले से आई टीम भी यदि जल्दी चली गईं थीं हम सीएमओ से हम बात करेंगे शासन की महत्वपूर्ण योजना का लाभ निर्धारित समय तक मरीजों को मिलना था प्रचार प्रसार क्यों नहीं कराया इसके संबंध में भी बात करेंगे।

**हर्षल चौधरी**,एसडीएम

### सभी को मिले लाभ इस उद्देश्य से प्रारंभ किया अभियान

सरकार के द्वारा नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को सत प्रतिशत लाभ देने के उद्देश्य को लेकर अभियान प्रारंभ किया गया पर ऐसा नहीं किया जा रहा है। जिनके कंधों पर सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने की वह केवल बैनर पोस्टर लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर खाना पूर्ति करने में लगे हुए हैं बजट जरूर खर्च हो रहा है। नाकामी छुपाने के लिए अस्पताल में आने वाले डेली मरीजों को भी इसी में जोड़कर रिपोर्ट बनाकर भेज दी जाएगी

### जिले के डॉक्टर भी जल्दी में दिखे

स्वास्थ्य शिविर में जिले के डॉक्टर भी हुए सिरोंज के शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत स्वस्थ मेला का आयोजन किया गया परंतु दुर्भाग्य की बात है यह मेले की जानकारी सिर्फशासकीय स्तर पर ही थी नगर पालिका हो या जनपद पंचायत के जन प्रतिनिधियों को भी सूचना देना जरूरी नहीं समझा। जन प्रतिनिधियों को सूचना दी जाती तो जन प्रतिनिधियों अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को जानकारी देकर उन्हें यहां लाने का काम भी करते तो बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ ले सकते थे।

### किस-किस को देता सूचना

मेला आयोजित करने के लिए मुझे 2 दिन पहले सूचना जिले से दी गई जबकि मेरी तबीयत खराब थी और मेला आयोजन करने में समय नहीं प्रचार-प्रसार लाउडस्पीकर से भी नहीं कर पाया दूसरी ओर मीडिया में किस-किस को सूचना देता इतनी बड़ी संख्या में मीडिया के लोग हैं इसलिए मैंने जानकारी नहीं दी सभी भागों में इसकी जानकारी थी एसडीएम को ही बताया था जिले के डॉक्टर से हमने रूकने के लिए बोला था वहां नहीं रुके वह 2:00 बजे के बाद चले गए।

## मप्र शासन शालेय शिक्षा विभाग ने आयोजित की कुश्ती प्रतियोगिता



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश शासन शालेय शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 67 वी राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में नगर के 6 बालक एवं बालिकाओं ने भोपाल संभाग की ओर से सहभागिता की। जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरोंज की छात्रा सोनिका का अहिरवार ने 46 किलोग्राम वजन वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया मुस्कान पाल ने 40 किलोग्राम में कांस्य पदक एवं प्रज्ञा कॉन्वेंट हाई स्कूल सिरोंज की छात्रा अमृता भारती ने 36 किलोग्राम में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोंज में पदक विजेता छात्राओं का सम्मान किया गया शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरोंज के प्राचार्य उमेश कुमार सोनी सी.एम. राइज विद्यालय के व्यायाम निर्देश शान मियां शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्यायाम निर्देश जमशेद खान श्रीमती सोनू श्रीवास्तव अशोक जैन प्रमोद जैन विकासखंड समन्वयक केशव शर्मा कुश्ती कोच राहुल नामदेव काजल सोनी दीक्षा शर्मा उपस्थित रहे।

## गृहमंत्री ने की गणेश मंदिर में पूजा अर्चना



प्रदेश के गृह मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को विदिशा जिले में अल्पप्रवास के दौरान पत्रकारो से संवाद उपरांत बेतवा नदी के तट पर स्थित श्री बाढ़ वाले गणेश मंदिर में पहुचकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री मुकेश टण्डन , श्री मनोज कटारे सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।



## विकास रथों द्वारा ग्रामों में पहुंचकर दी जा रही है योजनाओं तथा विकास कार्यो की जानकारी

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाने के लिए रायसेन जिले की सभी विधानसभाओं में ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में विकास रथों द्वारा निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 सितम्बर को उदयपुरा तहसील के देहरीकलां, भारकच्छकलां, संखेड़ा सहित अन्य ग्रामों और गौहरगंज तहसील के बेजालपुर, डंगरवारा, नयापुरा सोडरपुर सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर विकास रथों द्वारा एलईडी पर वीडियो क्लिप प्रसारित कर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ, मुख्यमंत्री किसान कल्याण सहित अन्य योजनाओं तथा विकास कार्यो की जानकारी दी गई।

# सपाक्स पार्टी ने रैली निकाल कर मांगा समर्थन

### सपाक्स पार्टी ने राष्ट्रपति व शिवराज के नाम सौंपा ज्ञापन भाजपा, कांग्रेसपर लगाए गंभीर आरोप

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव करीब है सभी पार्टियों अपने-अपने स्तर से प्रत्याशी मैदान में उताकर जनता को अपनी ओर लुभाने में लगे हुए हैं। वही सपाक्स पार्टी ने जिला विदिशा में सिरोही लटेरी में अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। सपाक्स पार्टी की ओर से अखिलेश जैन को मैदान में उतारा है तो वही प्रदेश अध्यक्ष सुरेश शुक्ला जिला अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में एक वाहन रैली निकाली गई जो मुख्य बाजारों से होती हुई तहसील कार्यालय पहुंची। तहसील कार्यालय में देश के राष्ट्रपिता एवं प्रदेश के मुखिया के नाम ज्ञापन तहसीलदार जगन प्रसाद सौर को सोपा। ज्ञापन में लेख किया है कि सहारा समूह एवं भारत सरकार द्वारा मय ब्याज के संपूर्ण भुगतान को न करने की मांग की है। सहारा समूह एवं भारत सरकार ने सहारा रिफंड पोर्टल लॉन्च किया है उसमें कई कमियां है। जिससे निवेश कर्ताओं को मंत्र 10000 की राशि दी जा रही है शेष राशि की कोई समय सीमा नहीं दी गई है। एवं सहमति पत्र भी लिया जा रहा है जिसमें लिखा है कि निवेश करता किसी फोरम में अब शिकायत नहीं कर सकते जो कि न्याय उचित नहीं है। जिस देश के तेरा करोड़





निवेदक बहुत परेशान है देश में लगभग 40000 का कार्यकर्ताओं ने आत्महत्या कर ली है निवेदक आत्महत्या करने को मजबूर हैं देश की सरकार है सहारा समूह से संपूर्ण भुगतान का कोई जवाब नहीं दे रही है। विदिशा जिले के लगभग 30000 निवेश कर्ताओं की लगभग 300 करोड रुपए की राशि जमा है जो की भुगतान न होने के कारण निवेश करता मानसिक एवं आर्थिक रूप से बहुत परेशान हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि सहारा पीड़ित निवेशकों की पीड़ा को मानवीय आधार पर विचार करते हुए भारत देश की जनता को न्याय दिलाने की कृपा करें। वही प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि पीड़ित निवेशकों को सहारा समूह या भारत सरकार से संपूर्ण भुगतान मय ब्याज के एक बार में किया जाए और भुगतान का समय निश्चित किया जाए। आगे ज्ञापन में लेख किया है सिरोंज लटेरी को रेलवे लाइन से जोड़ा जाए। सिरोंज को जिला बनाया जाए सभी को आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाए ना की जातियआधार पर। पुरानी पेंशन प्रणाली को बहाल किया जाए। एक देश एक झंडा एक समान सिविल एवं क्रिमिनल कानून लागू हो। सभी संविदा कर्मी अतिथि शिक्षकों अतिथि विधान स्वास्थ्य कुर्मी दैनिक वेतन भोगी को नियमित किया जाए एवं 62 वर्ष की उम्र तक सेवा कार्य किया जाए उन्हें हटाया ना जाए पूर्व में जो घोषणा की गई है तत्काल प्रभाव से लागू की जाएं। सिरोंज में सीएम राइज स्कूल जो की अंग्रेजी माध्यम की जगह हिंदी माध्यम से चल रहा है उसे शीघ्र सुधार किया जाए और अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों की शीघ्र की नियुक्ति की जाए। 3 साल से जो छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है उसको शीघ्र दिया जाए। सिरोंज में तालाब और कैथन नदी को एवं श्मशान घाट को अतिक्रमण से मुक्त किया जाए। सिरोंज के राजीव गांधी चिकित्सालय की स्थिति बहुत खराब है जिसमें डॉक्टर है ना कोई स्वास्थ्य सुविधा। विदिशा जिले की लटेरी तहसील के अंतर्गत दम नदी बांध परियोजना के कारण दो प्रभावित गांव जैसे रामपुर रामगढ़ बैरागढ़ मुंडेला दपकन धीरगढ़ आदि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को क्षतिपूर्ति हेतु।

### सपाक्स पार्टी सिरोंज को जिला बनाने का समर्थन करती है - बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष हीरालाल त्रिवेदी

सपाक्स पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हीरालाल त्रिवेदी ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि सपाक्स पार्टी कि आज रैली निकाली गई थी वह सफल रैली रही है। सिरोंज में बेरोजगारी है रोजगार के अवसर मिलना चाहिए। सभी लोग लुटा रहे हैं वोट के लिए रिश्वत दे रहे हे यह बहुत गलत है यह नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जितना पैसा लुटा रहे हैं इतना पैसा में लोगों को रोजगार दे सकते हैं। हर कार्यालय में स्टाफकी कमी है महिलाओं के अलावा युवाओं को रोजगार दे सकते हैं प्रदेश में घूम घूम कर हम मुद्दे उठा रहे हैं। भाजपा केवल जाति की राजनीति करती है या तो एससी एसटी या ओबीसी की बात करती है या फ्री में लुटाने की बात करती है। बीजेपी कभी विकास की बात नहीं करती सड़क खराब है उसकी बात नहीं करती, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं है, दवाइयां नहीं है, उसकी बात नहीं करती मीडिया और जनता को सिर्फऔर सिर्फभ्रमित करती है।

**मेट्रो एंकर** घासीराम अहिरवार थाने ने रिपोर्ट दर्ज कराई है

# पड़ोसी से झगड़े में घायल पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

ग्राम पामाखेड़ी में पड़ोसी आपसी में झगड़ा हो गया जिसमें घासीराम अहिरवार का झगड़ा पड़ोस में रहने वाले राजू अहिरवार एवं उसकी मां धनवाई अहिरवार राजू की पत्नी रामदुलारी अहिरवार अपने घर में घुसकर घासीराम अहिरवार से मारपीट कर दी। थाना सिरोंज से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पामाखेड़ी में रहने वाले घासीराम अहिरवार थाने ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लोडिंग ऑटो से एक पलंग पेटी सिरोंज से खरीद कर अपने घर ले गया था मेरे पड़ोस में राजू अहिरवार रहता है जो रास्ते में ईट रखें हुआ था। लोडिंग वाहन से एक ईंट टूट गई थी इस बात की रंजिश पर से रात्रि 1:00 बजे राजू अहिरवार उसकी मां धनबाई अहिरवार राजू




की पत्नी रामदुलारी बाई सभी लोग मेरे घर के अंदर घुसकर गंदी गंदी गालियां दे रहे थे मैं गालियां देने से मना किया तो राजू रामदुलारी बाई धनिया बाई सभी लोग मेरे घर के अंदर घुस आए सभी लोग मुझे हाथ मुक्को से मारपीट करने लगे जिससे मुझे दया तरफछाती के ऊपर चोट दोनो हाथो में चोट आई हे। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराधी धनिया बाई राजू अहिरवार राम दुलारी अहिरवार के खिलाफधारा 452, 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद किया है पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।


**कार्यालय अधीक्षक, म.प्र. स्टेट गैरेज जहांगीराबाद, भोपाल**

**दूरभाष नं. 0755-2766832-E-mail id mpsarage@ mp gov.in**

**क्रमांक/603/ म.प्र. स्टेट गैरेज/ ई.निविदा/ 2023** — **भोपाल दिनांक 19/9/23**

**ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय म.प्र. स्टेट गैरेज द्वारा आपूर्तिकर्ताओं से ई- टेण्डर के माध्यम से विभिन्न प्रकार के वाहनों की अपहोस्ट्री सामग्री का क्रय ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित सामग्री का विस्तृत विवरण https:\\ mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | सामग्री का नाम | वाहनों का वितरण | सामग्री की समयावधि एवं अनुमानित व्यय | निविदा प्रारूप का मूल्य एवं ई.एम डी राशि | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | 603/ Stade Garag/ 2023 | विभिन्न प्रकार के वाहनों की अपहोस्ट्री सामग्री का क्रय | 1. इनोवा क्रिस्टा<br>2. इनोवा<br>3. सफारी स्ट्रोम<br>4. इन्डीगो<br>5. इन्डीगो माजा<br>6. मारुती सियाज<br>7. मारुती अल्टो | 01 वर्ष 2023-24 हेतु 5.00 लाख | 1,100/- 2.15.00/- | 15.09.2023 से 5.10.2023 |

शर्तें :-

1. निविदा से संबंधित विस्तृत शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सामग्री की दरे GST राशि सहित प्रदाय करना होगी
2. निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा। उसके लिए पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

1. दर डालने की तिथि :- 15/09/2023 से 05/10/ 2023 तक
2. तकनीकि एवं वित्तीय ऑफर खोलने की तिथि :- 06/10/2023

अधीक्षक
म.प्र. स्टेट गैरेज, भोपाल

G-19951\23

### भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने एशियन गेम्स में किया बड़ा उलटफेर

# एशियन गेम्स : पिछले दस साल में भारत की साउथ कोरिया पर पहली जीत

**हांगझोउ, एजेंसी**

भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने एशियन गेम्स में बड़ा उलटफेर किया है। भारतीय टीम ने 3 बार की गोल्ड मेडलिस्ट साउथ कोरिया को 3-2 से हराया। यहां चीन के हांगझोउ शहर में चल रहे गेम्स में बुधवार को भारतीय रोअर्स ने 4 इवेंट के फाइनल में जगह बनाई। 4 इवेंट के फाइनल ए के रेपचेज में और एक इवेंट के फाइनल ए के लिए क्वालिफाई किया। बलराज पवार मेंस सिंगल स्कल इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे। यह पिछले 10 साल में भारत की साउथ कोरिया पर पहली जीत है।

### साल 1986 में जीता था आखिरी वॉलीबॉल ब्रॉन्ज

इन खेलों में भारत ने अब तक वॉलीबॉल के कुल 3 मेडल जीते हैं। भारतीय टीम को एशियाड में वॉलीबॉल का आखिरी मेडल 1986 में जीता था, तब भारत ने ब्रॉन्ज जीता था। इससे पहले 1962 में सिल्वर और 1958 में ब्रॉन्ज हासिल किया था। गेम्स के पिछले सीजन में भारतीय टीम 12वें स्थान पर रही थी। दूसरी ओर, साउथ कोरिया ने वॉलीबॉल के कुल 31 मेडल जीते हैं, इनमें पुरुष वॉलीबॉल के 3 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं।



### 4 इवेंट के फाइनल में भारतीय रोअर्स

भारतीय रोअर्स में एशियाड में मेडल की उम्मीदों को बरकरार रखा है। भारतीय रोअर्स ने 4 इवेंट के फाइनल में जगह बनाई। 4 इवेंट के फाइनल-ए के रेपचेज में और एक इवेंट के फाइनल ए के लिए क्वालिफाई किया। बलराज पवार मेंस सिंगल स्कल इवेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर गए। हीट्स रेस में भारतीय की पुरुष और महिला टीमों ने लाइटवेट डबल स्कल इवेंट के फाइनल ए के रेपचेज राउंड में प्रवेश किया। टीमें रेपचेज जीतकर फाइनल ए में उतरेंगी। वहां से जीतकर फाइनल रेस का हिस्सा बनेंगी।

**जोड़ियां हिट :** पुरुषों के लाइटवेट डबल स्कल में अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने हीट में 6.27.45 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा सतनाम सिंह और परमिंदर सिंह भी 6.27.01 के समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे। पुरुषों के दोनों ही अब रेपेचज राउंड में हिस्सा लेंगी। अगर रेपेचज में शानदार प्रदर्शन रहा तो वह फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे।

### मुकाबले में भारत नॉकआउट

टीम की मौजूदा रैंकिंग 73 है, जबकि कोरिया 27वें नंबर की टीम हैं। कोरिया एशियाड के 3 गोल्ड मेडल जीते हैं। टीम पिछले सीजन में रनरअप रही थी। भारतीय टीम ने करीब 2 घंटे 38 मिनट तक चले मुकाबले में पिछले सीजन की सिल्वर मेडलिस्ट साउथ कोरिया 3-2 (25-27 29-27 25-22 20-25 17-15) से हराया। नॉकआउट राउंड में भारतीय टीम का सामना चीनी ताइपे या मंगोलिया से होगा। इस जीत से भारतीय टीम ने ग्रुप सी के टॉप पर रहते हुए नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। टीम ने एक दिन पहले कंबोडिया को 3-0 से हराया था।

### मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में मैच

# 22 सितंबर को खेला जाएगा भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मैच



**चंडीगढ़, एजेंसी**

भारत के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के बाद वर्ल्ड कप खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम चंडीगढ़ पहुंच चुकी है। जहां दोनों टीमें रुकेगी उस होटल के बाहर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खिलाड़ियों की सुरक्षा में यहां पर नाकेबंदी कर दी गई है। होटल की तरफ आने वाले हर वाहन की जांच की जा रही है। मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में 22 सितंबर को भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मैच खेला जाएगा।

**अर्शदीप की बॉलों पर कर सकते हैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी अभ्यास**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी जब कल दोपहर 1 से आईएस बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम मोहाली में अपना अभ्यास करेंगे तो इस दौरान वह भारतीय खिलाड़ी अर्शदीप की बॉलों के साथ अभ्यास कर सकते हैं, क्योंकि वह आईएस बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम से अच्छी तरह परिचित हैं। उन्हें यहां पर बॉलिंग करने का पुराना अभ्यास है। मोहाली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 22 तारीख के होने को होने वाले भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच के दौरान क्रिकेट स्टेडियम के आसपास करीब 1500 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। यह पुलिसकर्मी क्रिकेट स्टेडियम के अंदर एवं बाहर की सुरक्षा देखेंगे। हर गेट पर एंट्री के लिए अलग-अलग जगह पार्किंग बनाई गई है। दर्शकों को मैच देखने के लिए स्टेडियम से दूर पार्किंग में गाड़ी खड़ी करके ही स्टेडियम तक पहुंचना होगा।

### दोनों टीमें करेंगी अभ्यास

आईएस बिंद्रा स्टेडियम मोहाली में दोनों टीम अपना-अपना अभ्यास करेंगी। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम दोपहर 1 बजे से अपना अभ्यास शुरू करेगी। वहीं भारत की टीम शाम 5 बजे से अपने अभ्यास की शुरुआत करेंगी। दोनों टीमें अपने-अपने समय पर होटल से बस के जरिए क्रिकेट स्टेडियम तक पहुंचेंगी। पूरे रास्ते के दौरान उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस की गाड़ी उनकी बस के आगे और पीछे मौजूद रहेगी।

### लेटेस्ट रैंकिंग में गिल ने रेटिंग पॉइंट्स के फासले को कम किया

# बाबर को नंबर-1 से हटा सकते हैं गिल

**दुबई, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में भारतीय ओपनर शुभमन गिल बैटिंग रैंकिंग में बाबर आजम को नंबर-1 पोजिशन से हटा सकते हैं। लेटेस्ट रैंकिंग में गिल ने रेटिंग पॉइंट्स के फासले को कम किया है। पिछले सप्ताह दोनों बल्लेबाजों के बीच 104 पॉइंट्स का फासला था। अब यह घटकर 43 अंकों का रह गया है। टॉप पर काबिज बाबर आजम के पास 857 अंक हैं, जबकि गिल के 814 अंक हो गए हैं। वहीं भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज आईसीसी रैंकिंग में वनडे के नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। साथ ही भारतीय बैटर शुभमन गिल पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम के और करीब आ गए हैं।



जारी रैंकिंग में सिराज को आठ स्थान का फायदा मिला है। सिराज 694 पॉइंट के साथ नौवें से टॉप पर आए। पिछले सप्ताह पहले स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज जोश हेजलवुड दूसरे स्थान पर आ गए हैं। हेजलवुड के 678 पॉइंट हैं।

एशिया कप फाइनल में 6 विकेट का सिराज को मिला फायदा मोहम्मद सिराज को एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ 6 विकेट लेने का फायदा रैंकिंग में मिला है। कोलंबो में खेले गए एशिया कप फाइनल में भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने महज 21 रन देकर 6 विकेट लिए। एशिया कप फाइनल में किसी भी प्लेयर का ये बेस्ट बॉलिंग फिगर भी है। सिराज ने एक ही ओवर में 4 विकेट भी लिए। वह एक ही ओवर में 4 विकेट लेने वाले पहले भारतीय भी बने। मोहम्मद सिराज ने पारी में अपने 5 विकेट महज 16 ही गेंद पर ले लिए। उन्होंने वनडे में सबसे कम गेंदों पर 5 विकेट लेने के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की। उनसे पहले श्रीलंका के चामिंडा वास ने बांग्लादेश के खिलाफ 16 ही गेंदों पर 5 विकेट झटक लिए थे। वास ने 2003 में ऐसा किया था।

### वर्ल्ड कप: थीम सॉन्ग में दिखे रोहित, कोहली और हार्दिक

# वॉर्म-अप मैच में नई जर्सी पहनेगी टीम इंडिया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च हो चुकी है। किट स्पॉन्सर एडिडास ने जर्सी के कंधों वाली जगह पर तिरंगे के कलर एड किए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने '3 का ड्रीम है अपना' थीम सॉन्ग के साथ जर्सी रिवील की। वनडे वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में खेला जाएगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वर्ल्ड कप का ऑफिशियल सॉन्ग रिलीज किया।



**कंधों पर तिरंगे का कलर दिया:** एडिडास इस साल जून में ही भारत का जर्सी स्पॉन्सर बना। तब जारी हुई टीम इंडिया की वनडे जर्सी में कंधों पर सफेद कलर की 3 लाइनें बनी थीं। उन लाइनों को अब तिरंगे के कलर का कर दिया गया है, यानी सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे गहरे हरे रंग की पट्टी बनाई गई है। वर्ल्ड कप की नई जर्सी पर कंधों के एरिया पर तिरंगे का कलर दिखा। तस्वीर नई जर्सी पहने रवींद्र जडेजा की है। वह भी थीम सॉन्ग में नजर आए। वर्ल्ड कप को लेकर थीम सॉन्ग लॉन्च किया। सॉन्ग 'इम्पॉसिबल नहीं है ये सपना, 3 का ड्रीम है' अपना की थीम पर बनाया गया। 3 का ड्रीम यानी भारत के तीसरी बार वनडे वर्ल्ड कप जीतने के सपने को गाने की मदद से दर्शाया गया। टीम इंडिया ने 1983 और 2011 में 2 बार वनडे वर्ल्ड कप जीता है। गाने में भारत के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, शुभमन गिल, शार्दूल ठाकुर, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज नजर आए। वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू हो रहा है, लेकिन टीम इंडिया वॉर्म-अप मुकाबलों में ही नई जर्सी पहन कर मैदान पर उतर जाएगी। 30 सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ पहला वॉर्म-अप मैच होगा। टीम का वॉर्म-अप मैच नीदरलैंड से होगा। इन दोनों ही मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ी नई जर्सी पहन कर उतरेंगे। वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का पहला मैच 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा।



## मेट्रो बाजार

# अकासा की इस महीने 600-700 फ्लाइट हो सकती हैं कैंसिल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अकासा एयर 43 पायलटों के इस्तीफे के बाद संकट में आ गई है। उसे अपना ऑपरेशन बंद करना पड़ सकता है। पायलटों के अचानक इस्तीफे के कारण कंपनी को सितंबर में हर दिन 24 उड़ानें कैंसिल करनी पड़ीं। एयरलाइन ने दिल्ली हाईकोर्ट में यह जानकारी दी। अकासा एक दिन में 120 उड़ानें ऑपरेट करती है। इस महीने 600-700 फ्लाइट कैंसिल हो सकती हैं। अगस्त में भी उसे 700 उड़ानें कैंसिल करनी पड़ी थीं। अकासा का मार्केट शेयर अगस्त में कम हो कर 4.2 फीसदी पर आ गया। जुलाई में यह 4.2 फीसदी था। एयरलाइन ने अदालत से एविएशन रेगुलेटर डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन को अनिवार्य नोटिस पीरियड नियमों को लागू करने का अधिकार देने का अनुरोध किया है। एयरलाइन के वकील ने जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा से कहा, पायलटों ने अनिवार्य नोटिस अवधि पूरी नहीं की, इसलिए अकासा एयर को हर दिन कई उड़ानें कैंसिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। ऑफिसर्स के लिए नोटिस पीरियड 6 महीने और कैप्टन के लिए 1 साल है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पायलट अकासा एयर की राइवल एयरलाइंस में शामिल हो गए हैं। इसमें ये भी कहा गया है कि




अकासा एयर के एक अधिकारी ने राइवल ग्रुप को पत्र लिखकर चिंता व्यक्त की और इसे अनैतिक बताया। एयरलाइन उन पायलटों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग कर रही है जो अनुबंध संबंधी नोटिस अवधि पूरी किए बिना चले गए हैं।

# गोल्ड से डिजाइन किया आईफोन कल से मिलेगा

**दुबई, एजेंसी।** दुबई की लग्जरी डिवाइस मेकर कंपनी कैवियार ने आईफ्रोन 15 प्रो और आईफोन 15 प्रो मैक्स को 24 और 18 कैरेट के गोल्ड से डिजाइन किया है। अभी सभी वैरिएंट प्री-बुकिंग के लिए अवेलेबल हैं। 22 सितंबर से यह कस्टमर्स को मिलने लगेंगे। कंपनी ने इन मॉडल्स के सभी वैरिएंट के केवल 99-99 डिवाइस बनाए हैं। यानी ये लिमिटेड एडिशन है। कैवियार के डिजाइन किए आईफोन की कीमत 6.11 लाख रुपए से 8.05 लाख के बीच है। ये आईफोन अल्ट्रा गोल्ड, अल्ट्रा ब्लैक, टाइटन ब्लैक, स्टारी नाइट और डार्क रेड कलर में उपलब्ध हैं। कंपनी की वेबसाइट पर सभी डिवाइस अवेलेबल हैं। कैवियार कस्टमाइज वैरिएंट बनाने के लिए गोल्ड, क्रिस्टल सहित अन्य लग्जरी आइटम्स यूज करती है। आईफोन के साथ एपल वॉच का कवर भी कंपनी ने डिजाइन किया है। इसके अलावा कुछ अन्य कंपनियों के कस्टमाइज वैरिएंट भी बनाती और बेचती है। टेक कंपनी एपल ने 12 सितंबर को अपने वंडरलस्ट इवेंट में आईफोन 15 सीरीज को लॉन्च किया था।



**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

# सामंथा ने आस्क-मी सेशन में कहा- नए प्रोजेक्ट नहीं साइन कर रही



सामंथा रुथ प्रभु ने इन दिनों काम से ब्रेक ले रखा है। एक्ट्रेस लंबे समय से मायोसाइटिस का इलाज करा रही हैं, ऐसे में वो आजकल यूएसई में हैं। वहीं एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आस्क मी सेशन रखा। इस दौरान सामंथा फैंस के सवालों के जवाब दिए। सेशन के दौरान उन्होंने बताया कि उन्होंने अभी तक कोई नया प्रोजेक्ट साइन नहीं किया है। वह आगे चलकर अब और भी ज्यादा चैलेंजिंग रोल्स करना चाहती हैं। ऐसे में वो एक ऐसे रोल की तलाश में हैं, जिसमें उन्हें कुछ डिफरेंट करने का मौका मिले। सामंथा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो जल्द वरुण धवन स्टारर वेब शो सिटाडेल के इंडियन वर्जन में नजर आएंगी। जब फैन ने सामंथा की ग्लोइंग स्किन का सीक्रेट पूछते हुए और उनकी खूबसूरती की तारीफ की तो एक्ट्रेस ने उसका सच-सच जवाब दिया। सामंथा ने कहा कि उनकी स्किन ग्लो नहीं कर रही है। बल्कि उन्होंने फिल्टर लगा कर रहा है।

### स्टेरॉयड शॉट्स लेने पड़ते हैं, इसका असर स्किन पर पड़ा

उन्होंने कहा- 'मैं फिल्टर इस्तेमाल कर रही थी, क्योंकि ज्यादा दवाइयों के कारण मेरी स्किन को नुकसान हुआ है। मुझे स्टेरॉयड शॉट्स लेने पड़ते हैं, जिनका असर मेरी स्किन पर पड़ा है। मेरे चेहरे पर बहुत ज्यादा पिगमेंटेशन है। मेरी स्किन क्लियर नहीं है।' बता दें कि सामंथा लंबे समय से मायोसाइटिस से जूझ रही हैं। ऐसे में एक्ट्रेस ने आपने अपने सभी प्रोजेक्ट पूरे करने के बाद काम से ब्रेक ले रखा है। वह पहले अपनी हेल्थ पर फोकस करना चाहती है।

### मायोसाइटिस से रिकवर कर रही हैं सामंथा

सेशन के दौरान सामंथा ने बताया कि अभी भी उनका ट्रीटमेंट चल रहा है। वो बीमारी से रिकवर कर रही हैं। बता दें कि 2022 में पहली बार सामंथा ने अपनी बीमारी के बारे में खुलकर बताया था।

# हर फिल्म में एक 'जान' लेते हैं एटली कुमार



इस वक्त साउथ के मशहूर डायरेक्टर एटली कुमार का जलवा हिंदी फिल्मों में है। शाहरुख की सुपरहिट फिल्म जवान ने उन्हे सबसे चर्चित निदेशक बना दिया है। उनकी फिल्म 'जवान' में एक के बाद एक ऐसे शानदार मोमेंट्स की भरमार है, जो लगातार जनता का मूड बनाए रखेहैं। फिल्म में शाहरुख के एंट्री सीन्स, उनकी फाइट की खूब चर्चा है। मगर जनता को जवान में जो एक चीज खूब भाई, वो है फिल्म में लैशबैक का सीक्वेंस। इसी सीन में पर्दे पर दीपिका पादुकोण नजर आती हैं। दीपिका का किरदार ऐसी कलाकारी से लिखा गया है कि वो पूरी कहानी का इमोशनल बेस बन जाता है। दरअसल अब कहा जाने लगा है कि फिल्म की कहानी को जोरदार बनाने के लिए एटली ऑनस्क्रीन किसी न किसी महत्वपूर्ण किरदार को कुर्बान जरूर करते हैं। और ऐसा करते हुए वो कई बड़े कलाकारों को स्क्रीन पर निपटा चुके हैं और इस सेन्स में एटली को स्टार किलर डायरेक्टर कहा जा सकता है।



# जब श्रद्धा ने रश्मिका को कर दिया नजर अंदाज

रा अंबानी परिवार ने गणेश चतुर्थी के मौके पर अपने घर में गणपति पूजा रखी थी। जहां बॉलीवुड के कई बड़े सितारों ने शिरकत की। इसी बीच इस कार्यक्रम से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर, रश्मिका मंदाना को अनदेखा करते हुए दिखाई दीं। वीडियो में रश्मिका गोल्डन साड़ी में पैपराजी को पोज देते हुए नजर आ रही हैं। इसी बीच श्रद्धा उनके पीछे से निकल रही थीं। रश्मिका ने मुड़कर उनकी तरफ देखा भी लेकिन, श्रद्धा उन्हें इग्नोर करते हुए निकल गईं। लुक की बात करें तो श्रद्धा ऑफ व्हाइट सूट में पहुंचीं। बालों में गजरा और मैचिंग इयरिंग्स पहने वह काफी खूबसूरत लग रही थीं। सोशल मीडिया पर फैंस श्रद्धा पर रश्मिका को नजर अंदाज करने का आरोप लगा रहे हैं।

### पति से कहासुनी होने के बाद भाई नर्मदापुरम से लेकर आया था भोपाल

# नवविवाहिता ने मायके में लगाई फांसी पति और प्रेमिका पर मामला दर्ज हुआ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर में नव विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने नव विवाहिता के पति और उसकी प्रेमिका पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।**



पुलिस के अनुसार दीपाली रजक पिता महेश रजक (24) सुभाष नगर, ऐशबाग में रहती थी। उसकी शादी वर्ष 2019 में होशंगाबाद में हुई थी। वह पति और चार साल की बच्ची और एक साल के बच्चे के साथ नर्मदापुरम में रह रही थी। उसका पति से विवाद हुआ था। विवाद के बाद उसने घटना की जानकारी मायके पक्ष को दी। भाई उसे लेने होशंगाबाद पहुंचा था और वहां से भोपाल ले आया। 3 सितंबर को वह भोपाल पहुंची थी। 4 सितंबर सोमवार दोपहर दीपाली ने मायके में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर जय प्रकाश अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण जांच सहायक पुलिस आयुक्त मुख्तार कुरैशी द्वारा की गई। जांच के दौरान दीपाली रजक के मायके पक्ष और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किए गए। बयान और जांच के आधार पर पुलिस ने पति विकास मालवीय के अन्य ज्योति नामक युवती पर आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

### ड्राइवर ने फांसी लगाकर दी जान



**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित गणपति एनक्लेव में एक ड्राइवर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी देख परिजन ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने के कारण आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके है।सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि महेंद्र परते पिता मधु परते (45) गणपति एनक्लेव कोलार में रहता था। वह पेशे से ड्राइवर था और प्राइवेट टैक्सी चलाता था। महेंद्र के बेटे आयुष परते ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात खाना खाने के बाद वह मां के साथ अंदर कमरे में सो रहा था। बुधवार सुबह उसकी नींद खुली तो दरवाजा बाहर से बंद था। आयुष और मां ने काफी आवाज दी लेकिन बाहर से गेट नहीं खुला। आयुष ने किसी तरह पेकाश से दरवाजा खोला और बाहर निकला। इस दौरान उसने देखा तो पिता फांसी के फंदे पर लटके मिले। आयुष ने मां के साथ मिलकर पिता को फंदे से नीचे उतार लिया था। मां बेटे काफी डर गए थे। लिहाजापुर पुलिस को उन्होंने देरी से सूचना दी। शाम करीब 4-00 बजे के आसपास सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची थी। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके है।

### पुरानी जेल रोड पर कल शाम हुआ हादसा

# अज्ञात कार ने स्कूटर को मारी टक्कर, युवक की मौत पत्नी गंभीर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित पुरानी जेल रोड मस्जिद के सामने अज्ञात कार ने स्कूटर सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल दंपती को अस्पताल ले जाया गया था, वहां युवक की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार और चालक की तलाश कर रही है। सब इंस्पेक्टर संजीव सिंह धाकड़ ने बताया सलमान खान पिता उस्मान खान (28) इतवारा तलैया में रहता था और मैकेनिक का काम करता था। बुधवार शाम वह एक्सेस स्कूटर से अपनी पत्नी रीना उईके के साथ एमपी नगर से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान पुरानी जेल रोड मस्जिद के सामने उसकी स्कूटर को तेज रफ्तार लाल रंग की कार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से भाग निकला। इधर गंभीर रूप से घायल दंपती को एम्बुलेंस से जयप्रकाश अस्पताल ले जाया गया था। वहां डॉक्टर ने दंपती को हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमीदिया पहुंचने पर पता चला कि सलमान की मौत हो चुकी है, जबकि रीना की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# मामूली कहासुनी के बाद दो युवकों पर चाकू से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पीरगेट पर मंगलवार देर रात मामूली कहासुनी के बाद नाबालिग समेत दो लोगों ने मिलकर स्कूली छात्रों पर चाकू से हमला कर दिया। पेट व पीठ में चाकू का वार लगने से दोनों युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों का कहना है कि घायल युवकों ने उनके साथ मारपीट की थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर प्रकरण दर्ज किया हैं।



पुलिस के अनुसार पीरगेट कोतवाली निवासी कामरान खान (21) और उसका दोस्त दानिश खान स्कूली में पड़ते हैं। मंगलवार रात करीब साढ़े 11 बजे दोनों पीरगेट चौराहा स्थित चाय की एक दुकान के सामने खड़े थे। दोनों के बीच किसी बात को लेकर मजाक चल रही थी। इसी बीच वहां खड़े लोहा बाजार निवासी भावेश साहू व उसके नाबालिग दोस्त ने आपत्ति जताते हुए उन्हें शोर न करने की हिदायत दी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी से विवाद इतना बड़ा कि मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के बीच भावेश साहू और उसके नाबालिग दोस्त ने चाकू निकाल लिए अ?र कामरान व दानिश पर हमला कर दिया। दानिश व कामरान की पीठ व पेट में चाकू लगने से गंभीर चोटें आई हैं। चाकूबाजी की वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी वहां से भाग निकले थे। वहां मौजूद लोगों ने लहूलुहान हालत में दानिश व कामरान को अस्पताल में भर्ती कराया था। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने कामरान की शिकायत पर भावेश साहू व उसके नाबालिग साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है जबकि नाबालिग के पिता की रिपोर्ट पर कामरान व दानिश के विरूद्ध साधारण मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है।

# पुलिस की लोगों को सलाह: फोन पर बात करते समय बरतें अतिरिक्त सावधानी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हूबहू आपके जैसी आवाज निकालकर ठग आपके दोस्तों, परिचितों से ठगी कर सकते हैं। इससे बचने के लिए फोन पर बात करते समय सतर्क रहने की जरूरत है। साइबर क्राइम पुलिस भोपाल ने लोगों को सलाह दी है कि वह फोन पर बात करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। दरअसल, तेलंगाना और बेंगलुरु में आवाज की क्लोनिंग कर रिश्तेदार और दोस्तों को फोन



कर साइबर ठगी के मामले सामने आ चुके हैं। इन घटनाओं को देखते हुए साइबर क्राइम पुलिस ने आशंका जताई है कि क्रेडिट कार्ड और बीमा पालिसी का हवाला देकर ठग आवाज रिकार्ड कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इन दोनों राज्यों में हुई साइबर ठगी में आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और डीप फेक तकनीक की मदद से आवाज को रिकार्ड किया गया था। बाद में उसकी क्लोनिंग कर रिश्तेदारों और दोस्तों से रुपये मांगे गए थे। हालांकि साइबर पुलिस ने लोगों को सलाह दी कि वे अज्ञात नंबरों से अपरिचित और परिचित लोगों से आने वाले फोन पर बात करते समय जरा संभालकर बात करें।

























स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022